इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 | अंक -195 | राजनांदगांव, रविवार 02 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# पीएम मोदी लगातार तीसरी बार संभालेंगे सत्ता, एग्जिट पोल में एनडीए ने 'इंडिया' ब्लॉक को दी पटखनी

नई दिल्ली। न्यूज18 मेगा एग्जिट पोल में बताया गया है कि बीजेपी गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक में भारी जीत दर्ज कर सकती है. इसके अलावा, बीजेपी के तमिलनाडु और केरल में भी अपना खाता खोलने की संभावना है, जबकि न्यूज 18 एग्जिट पोल के नतीजों से संकेत मिलता है कि दोनों राज्यों में इंडिया ब्लॉक को भारी जीत मिलेगी.

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है. इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालने जा रहे हैं. इसके साथ इन सर्वेक्षणों में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग के तमिलनाडु और केरल में अपना खाता




खोलने और कर्नाटक में फिर से एकतरफा जीत हासिल करने का अनुमान जताया गया है. साथ ही, इन सर्वेक्षणों में बिहार, राजस्थान और हरियाणा जैसे कुछ राज्यों में भाजपा एवं राजग की सीटों की संख्या में कमी होने का अनुमान लगाया गया है.

रिपब्लिक टीवी-पी मार्क' के सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि 543 सदस्यीय लोकसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन 359 सीट तक जीत हासिल करेगा और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को 154 सीट मिलेंगी. 'रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज़' के एग्जिट पोल में राजग को 353-368 सीट और विपक्ष को 118-133 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

जन की बात' के सर्वेक्षण में सत्तारूढ़ राजग को 362-392 सीट और विपक्षी गठबंधन को 141-161 सीट दी गई हैं. 'इंडिया टीवी-सीएनएक्स' ने अपने अनुमान में राजग को 371-401 और 'इंडिया' गठबंधन को 109-139 सीटें दीं, जबकि 'न्यूज नेशन' द्वारा अनुमान जताया गया है कि राजग को 342-378 और 'इंडिया' गठबंधन को 153-169 सीट मिल सकती हैं. 'एक्सिस माई इंडिया' और 'टुडेज़ चाणक्य' सहित कई अन्य एग्जिट पोल ने रात 8.30 बजे तक पूर्ण अनुमानित परिणामों की भविष्यवाणी नहीं की थी'. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर बोला हमला

पीएम मोदी ने सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद विश्वास जताया कि लोगों ने राजग की सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है. उन्होंने यह भी कहा कि 'अवसरवादी इंडी गठबंधन' मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा, जिन्होंने उनके 'प्रतिगामी राजनीति' को खारिज कर दिया.

### 2019 के चुनाव में भाजपा ने 303 सीट जीती थी

साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने 303 सीट जीती थी, जबकि राजग की संख्या 353 थी. कांग्रेस को 53 सीट और उसके सहयोगियों को 38 सीट मिली थीं. इस लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन का गठन किया गया.

## आम चुनावों के अंतिम चरण में 59 प्रतिशत मतदान, बंगाल, पंजाब में छिटपुट हिंसा




नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। कुछ स्थानों पर स्थानीय आवश्यकता के अनुसार मतदान बंद होने के समय में परिवर्तन किया गया।

निर्वाचन आयोग ने अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद को संपन्न बनाने में सहयोग के लिये ÷ मतदाताओं, राजनीतिक दलों, मतदान मशीनरी और इसमें शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा शाम साढ़े सात बजे उपलब्ध करायी सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान की गति के मामले में आगे रहा और वहां सर्वाधिनिक 69.89 प्रतिशत वोट डाले गये। बिहार में मत प्रतिशत 49.35 रहा।

पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62.76 प्रतिशत वोट डाले गये। लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे, बहुजन समाज पार्टी ने 56 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये थे जबकि भाजपा 51 तथा कांग्रेस 31 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया। वर्ष 2019 के चुनावों में इन सीटों पर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 39.03 मत प्रतिशत के साथ 30 सीटें, विपक्षी गठबंधन को 37.52 प्रतिशत के साथ 19 सीटें मिली थीं। आठ सीटें अन्य दलों के खातें में गयी थीं। लोकसभा की 543 सीटों पर सात चरणों में हुये मतदान की प्रक्रिया आज संपन्न हो गयी। मतगणना चार जून को होगी।

आज जिन प्रमुख सीटों पर मतदान कराया गया, उनमें उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट भी है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला कांग्रेस के अजय रॉय के बीच है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अकाली दल के नेता हरसिमरत कौर बादल (बठिंडा) और बैजयंत पांडा (भाजपा) केन्द्रपाड़ा, ओडिशा, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी (डायमंड हार्बर), भाजपा के रविशंकर प्रसाद (पटना साहिब) और अभिनेत्री कंगना रानौत, (मंडी हिमाचल प्रदेश) के भाग्य का फैसला आज के मतदान से होने जा रहा है। सभी सीटों के लिये मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और यह शाम छह बजे तक चलेगा। देश के विभिन्न अंचलों में तेज गर्मी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कस्टम मिलिंग घोटाला: रायपुर-दुर्ग सहित 5 जगहों पर ईडी की रेड

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कस्टम मिलिंग घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 5 स्थानों पर छापामार कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने रायपुर और दुर्ग में दो-दो और खरोरा में एक स्थान पर छापा मारा है। राइस मिल कारोबारी और छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रमोद अग्रवाल के तीन ठिकाने पर जांच चल रही है। ईडी टीम ने राइस मिल, ऑफिस और निवास स्थान पर छापा मारा है। राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष पर भी शिकंजा कसने की खबर है।



**मार्कफेड के पूर्व एमडी से मिलकर किया खेला**

बता दें कि छत्तीसगढ़ के कस्टम मिलिंग घोटाले में पूर्व एमडी मनोज सोनी और राइस मिलिंग के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जिसके बाद ईडी ने छापामार कार्रवाई की है। शुक्रवार को सुबह जिनके यहां रेड पड़ी है, वो इन दोनों आरोपियों के साथ मिलकर कस्टम मिलिंग का पूरा खेल कर रहे थे। वसूली की रकम इन तक भी पहुंच रही थी। कारोबारी प्रमोद अग्रवाल के खरोरा और रायपुर स्थित ठिकानों पर जांच में लेन-देन के साक्ष्य और डिजीटल उपकरण मिले हैं। दुर्ग में पूर्व एमडी मनोज सोनी से जुड़े कारोबारी और राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश रूंगटा के दीपक नगर स्थित निवास पर जांच ईडी के अफसर दस्तावेज खंगाल रहे हैं।

### जानिए क्या है कस्टम मिलिंग घोटाला

पूर्व की भूपेश बघेल सरकार के दौरान धान की कस्टम मिलिंग में बड़ा घोटाले का खुलासा ईडी ने किया था। इसके सूत्रधार मार्कफेड के ततकालीन अफसर मनोज सोनी हैं। ईडी ने जांच में पाया गया कि खरीफ वर्ष 2021-22 तक सरकार द्वारा धान का प्रति क्विंटल 40 रुपये भुगतान किया गया। धान की कस्टम मिलिंग के लिए दी जाने वाली रकम को तीन गुना बढ़ाकर 120 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। कस्टम मिलिंग का भुगतान दो किस्तों में किया गया। आरोप है कि एसोसिएशन के कुछ लोगों ने मार्कफेड के स्र्ड्ड मनोज सोनी के साथ मिलकर इस पूरी गड़बड़ी को अंजाम दिया।

### 175 करोड़ रुपये की रिश्वत वसूली गई

शासन से हटकर इन लोगों ने अपना नियम-कायदा बना लिया था। नकद राशि का भुगतान करने वालों का विवरण जिला विपणन अधिकारी को भेजा गया। उनके माध्यम से ब्यौरा मार्कफेड एमडी तक पहुंचता। एमडी द्वारा केवल उन्हीं के बिलों को भुगतान की मंजूरी दी गई, जिन्होंने नकद राशि (कमीशन) (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एग्जिट पोल में छत्तीसगढ़ में भाजपा ने किया क्लीन स्वीप, दांव पर पूर्व सीएम की प्रतिष्ठा




रायपुर। देशभर में लोकसभा चुनाव के लिए सात चरणों में मतदान हुआ है। 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की गई थी। 2024 का आम चुनाव भारत में सबसे लंबे समय तक चलने वाला आम चुनाव है जो कुल 44 दिनों तक चला। परिणाम 4 जून 2024 को घोषित किए जाएंगे लेकिन इससे पहले तमाम एग्जिट पोल्स में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बड़ा नुकासान होता दिख रहा है। एग्जिट पोल्स के मुताबिक छत्तीसगढ़ में भाजपा को 10 से 11 सीटें मिलती दिख रही हैं वहीं कांग्रेस के खाते में शून्य से एक सीट जाती दिख रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में भाजपा को 57 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। राज्य में भाजपा को 10-11 सीटें मिल सकती हैं। वहीं कांग्रेस को 0-1 सीट मिलती दिख रही है। राज्य में कुल 11 लोकसभा सीटें हैं।

### छत्तीसगढ़ की वीआईपी सीटें

राजनांदगांव लोकसभा सीट- भूपेश बघेल, कांग्रेस
रायपुर लोकसभा सीट- बृजमोहन अग्रवाल, बीजेपी
बस्तर लोकसभा सीट- कवासी लखमा, कांग्रेस
जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट- डा.शिवकुमार डहरिया, कांग्रेस
कोरबा लोकसभा सीट- सरोज पांडेय , बीजेपी
महासमुंद लोकसभा सीट- ताम्रध्वज साहू, कांग्रेस

### 2019 में इन लोगों ने दर्ज की थी जीत

1. सरगुजा सीट से रेणुका सिंह- भाजपा
2.रायगढ़ सीट से गोमती साय- भाजपा
3. जांजगीर-चांपा सीट से गुहाराम अजगल्ले- भाजपा
4. कोरबा सीट से ज्योतसना चरणदास महंत- कांग्रेस
5. बिलासपुर सीट से अरुण साव- भाजपा
6. राजनांदगांव सीट से संतोष पांडेय- भाजपा
7. दुर्ग सीटे से विजय बघेल- भाजपा
8. रायपुर सीट से सुनील कुमार सोनी- भाजपा
9. महासमुंद सीट से चुन्नी लाल साहू- भाजपा
10. बस्तर (ST) सीट से दीपक बैज- कांग्रेस
11. कांकेर सीट से मोहन मंडावी- भाजपा

### दांव पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल की प्रतिष्ठा

2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। इस चुनाव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। कांग्रेस ने उनको राजनांदगांव लोकसभा सीट से मैदान में उतारा था। पूर्व सीएम की किस्मत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मैनेज करवाए गए हैं एग्जिट पोल - कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सातों चरण के मतदान पूरे होने के बाद सामने आए एग्जिट पोल को मनोवैज्ञानिक खेल करार देते हुए शनिवार को कहा कि यह सब मैनेज्ड है और इंडिया गठबंधन 295 से ज्यादा सीटें जीत रहा है।



कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने एग्जिट पोल के परिणाम आने के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत तय है और चार जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता से बाहर हो रहे हैं। श्री मोदी का नाम लिए बिना कांग्रेस नेता ने कहा जिस व्यक्ति का चार जून को एग्जिट होना तय है, उसने ये एग्जिट पोल्स मैनेज करवाए हैं। इंडिया गठबंधन को निश्चित रूप से कम से कम 295 सीटें मिलेंगी - बिल्कुल स्पष्ट और निर्णायक बहुमत।

उन्होंने श्री मोदी को निवर्तमान प्रधानमंत्री बताते हुए कहा ÷निवर्तमान प्रधानमंत्री इस बीच तीन दिनों तक निश्चिंत रह सकते हैं। ये सब मनोवैज्ञानिक खेल है, जिनमें उन्होंने महारत हासिल कर ली है। लेकिन वास्तविक परिणाम इनसे बहुत अलग होंगे। बदलेगा भारत, जीतेगा इंडिया गठबंधन।

## चार राज्यों में विधानसभा उपचुनाव के लिये मतदान संपन्न, 44-73 प्रतिशत तक मतदान

नयी दिल्ली। बिहार और उत्तर प्रदेश सहित नौ विधानसभा सीटों पर शनिवार को हुये उपचुनाव में 44 से 73 प्रतिशत के बीच वोट डाले गये।

निर्वाचन आयोग की ओर से शाम साढ़े सात बजे जारी आंकड़ों के अनुसार बिहार की अगिआंव सीट पर 44.40 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश की बरसर सीट पर 50.00, लाहौल एवं स्पीति में 73.72, गगरेट में 68.28, सुजानपुर में 63.00, कुटियाहार में 71.40 और धर्मशाला सीट के उपचुनाव में 66.27 प्रतिशत वोट पड़े उत्तर प्रदेश- की दुद्धी में 55.79 और पश्चिम बंगाल के बारानगर में 66.70 प्रतिशत वोट डाले गये।



उपचुनावों के मतों की गणना लोकसभा चुनावों के साथ चार जून को करायी जायेगी।

## छग सरकार ने सुशासन और विकास को लेकर ने जाने-माने विशेषज्ञों से किया विचार-विमर्श

रायपुर। शासन और प्रबंधन दो अलग-अलग शब्द हैं, दो अलग-अलग कार्य हैं, लेकिन एक-दूसरे से जुड़े हुए भी हैं। एक के हिस्से में नीति के निर्माण का दायित्व है, तो दूसरे के हिस्से में क्रियान्वयन की जिम्मेदारी। भारतीय लोकतांत्रिक ढांचे में नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करने की जवाबदेही जहां शासन पर रही, वहीं प्रबंधन की बारीकियों से जनप्रतिनिधियों का आमतौर पर ज्यादा लेना-देना नहीं रहा। लेकिन हाल ही में छत्तीसगढ़ में कुछ ऐसा नया घटित हुआ कि अब इस विचित्र विडंबना का अंत होता दिख रहा है।



छत्तीसगढ़ के मंत्रियों को प्रबंधन की बारिकियां समझाने, सहयोग, नवाचार और दूरदर्शिता को बढ़ावा देने, राज्य के समृद्ध और समावेशी भविष्य के लिए आवश्यक सुधारों के बारे में विचार-विमर्श करने तथा विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों की अंतर्दृष्टि को परिष्कृत करने के लिए बीते दो दिनों तक, यानी 31 मई से लेकर 01 जून तक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रायपुर ने स्वयं के द्वारा डिजाइन किया गया एक अनूठा आयोजन किया।

इस आयोजन को आईआईएम ने चिंतन-शिविर नाम देकर पारंपरिक आयोजनों का टच देते हुए एक बिलकुल नयी और ताजी परंपरा की शुरुआत कर दी। देश में संभवतः पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी चिंतन-शिविर में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने राजनीतिक रणनीति के बजाय दायित्वों के निर्वहन के लिए रणनीति पर गहन मंथन किया है।

राज्य की विष्णु देव साय सरकार की पहल पर ही आईआईएम ने इस बौद्धिक अनुप्रयोग का आयोजन किया था। इसमें गुड गवर्नेंस से बेस्ट गवर्नेंस की ओर बढ़ने और सुशासन की संकल्पना को मूर्त रूप देते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार के विजन को और तीक्ष्ण करने के संबंध में विषय-विशेषज्ञों से मंत्रियों ने विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमंडल के उनके सहयोगियों ने सुशासन तथा बेस्ट प्रेक्टिसेस के संबंध में विषय विशेषज्ञों के साथ अपने आइडिया साझा किए। साथ ही अपनी जिज्ञासाएं भी रखी। इस दौरान मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी लगातार दो दिनों तक आईआईएम की कक्षा में न (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोदी ने जताया मतदाताओं, चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों, कार्यकर्ताओं का आभार

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों के आज सातवें एवं अंतिम चरण के मतदान के बाद देश के मतदाताओं, चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल सभी दलों के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

श्री मोदी ने कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक में 45 घंटे की ध्यान साधना के बाद राजधानी लौटने के बाद एक्स पर संदेश में कहा,÷भारत ने मतदान किया। अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी लोगों को हार्दिक धन्यवाद। उनकी सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण यह सुनिश्चित करता है कि हमारे देश में लोकतांत्रिक भावना पनपे।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं भारत की नारी शक्ति और युवा शक्ति की भी विशेष सराहना करना चाहूंगी। चुनावों में उनकी मजबूत उपस्थिति एक बहुत ही उत्साहजनक संकेत है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत के लोगों ने राजग सरकार को दोबारा चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने हमारा ट्रैक रिकॉर्ड देखा है और जिस तरह से हमारे काम ने गरीबों, हाशिए पर मौजूद और वंचितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाया है। साथ ही, उन्होंने देखा है कि कैसे भारत में सुधारों ने भारत को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया है। हमारी हर योजना बिना किसी पूर्वाग्रह



या लीक के इच्छित लाभार्थियों तक पहुंची है।

श्री मोदी ने कहा कि अवसरवादी इंडिया समूह मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा। वे जातिवादी, सांप्रदायिक और भ्रष्ट हैं। यह गठबंधन, जिसका उद्देश्य मुट्ठी भर राजवंशों की रक्षा करना था, राष्ट्र के लिए भविष्य की दृष्टि प्रस्तुत करने में विफल रहा। अभियान के माध्यम से, उन्होंने केवल एक चीज़ में अपनी विशेषज्ञता बढ़ाई - मोदी को कोसना। ऐसी प्रतिगामी राजनीति को जनता ने नकार दिया है।

उन्होंने कहा, मैं प्रत्येक राजग कार्यकर्ता की सराहना करना चाहूंगा। पूरे भारत में अक्सर भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। मैं लोगों को हमारे विकास एजेंडे को सावधानीपूर्वक समझाने और उन्हें बाहर आकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए उनकी सराहना करता हूं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आरोग्य भारती के कार्यशाला में डॉ. रमन सिंह हुए शामिल

## कार्यक्रम में डॉ सिंह का हुआ भावभीना सम्मान




राजनांदगांव (दावा)। शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित अग्रसेन भवन में शनिवार को आरोग्य भारती की दो दिवसीय अखिल भारतीय स्तरीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान शहर के वरिष्ठ आयुर्वेदिक वैध व आरोग्य भारती के डॉ. शिवशंकर जोशी द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. सिंह का हार फूल पहनाकर भावभीना सम्मान किया गया।

इस अवसर पर आरोग्य भारती के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. गजाधर पंडा, प्रांतीय डॉ. जवाहर लाल श्रीवास्तव, प्रांतीय सचिव डॉ. अभिषेक जोशी, डॉ. राहुल गुलाटी (दुर्ग) व जिला अध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव तथा आयोजन समिति के दलेश्वर साहू द्वारा कार्यक्रम के आगत अतिथि संतोष अग्रवाल का भी सम्मान किया गया। डॉ. सिंह ने आरोग्य भारती के इस कार्यशाला आयोजन की सफलता की कामना करते हुए आयोजन कर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर पत्रकारों के साथ चर्चा में कहा कि आज अंतिम चरण में 57 सीटों पर मतदान जारी है। देश में स्पष्ट बहुमतों के साथ राजग की सरकार आएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में एनडीए की मजबूत सरकार है। डबल इंजन की सरकार के चलते नक्सली बैकफुट पर है। डॉक्टर सिंह ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि राजनांदगांव के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगातार डॉक्टरों के इस्तीफा का दौर जारी है, इस पर स्थाई हल निकाला जाएगा।

बता दें कि अब तक डेढ़ दर्जन के करीब डाक्टर मेडिकल कालेज छोड़ कर चले गए हैं। कुछ दिन पहले मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में नाक, कान, गला विभाग के प्रमुख अनुज गुप्ता ने इस्तीफा दिया। उसके बाद शुक्रवार को माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी त्यागपत्र दे दिया है जिसके चलते पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों को काफी दिक्कतें हो रही है। डॉ. रमन सिंह ने इस पर शीघ्र ही स्थायी हल निकालने की बात कही है। आरोग्य भारती के इस दो दिवसीय कार्यशाला आयोजन में बड़ी संख्या में आयुर्वेद चिकित्सा से संबंधित लोगों व अन्य जागरुकजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# चखना दुकान चलाने वालों का आबकारी कार्यालय में धावा

**○ चखना बेचने अनुमति देने की मांग**
**○ रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न होने की गुहार**



राजनांदगांव (दावा)। शहर में दो स्थानों पर चलने वाले देशी और विदेशी शराब दुकानों के चखना सेन्टर वाले अहातो की जब से नीलामी हुई है तब से इन शराब दुकानों के समीप फुटकर-चखना दुकान चलाने वाले छोटे-दुकानदारों पर गाज गिर गया है। उनकी रोजी-रोटी की समस्या बन आई है। इन चखना दुकानदारों को उनकी दुकाने लगाने से मना किया जा रहा है।

पुलिस द्वारा इन्हें दुकानदारी करने से भगाया जा रहा है। दुकाने बंद करवा दी जा रही है। इससे बेजार मोहारा बायपास के पास चखना दुकान लगाने वाले दो दर्जन के लगभग दुकानदारों ने भरका पारा स्कूल समीप स्थित आबकारी कार्यालय में आज धावा बोल दिया और मांग की कि उन्हें भी मोहारा बायपास के समीप स्थित शराब दुकान से कुछ दूरी पर चखना दुकान चलाने की अनुमति दी जाए। चखना दुकान चलाने की अनुमति मांगने पहुंचे राजेश देवांगन, संजय साहू, कमलेश देवांगन, मिंटू यादव, नरेन्द्र सोनकर, संतोष सोनकर ने बताया कि शुक्रवार को उनके दुकान क्षेत्र में पहुंचकर अधिकारी ने उन दुकानदारों का हजार रूपए फाईन किया है।

किसी से डेढ़ हजार रूपए भी मांगे जा रहे थे। इधर पुलिस वाले भी आकर उनका चालान कर देते है। नगर-निगम वाले भी पहुंचकर उन्हें धौंस दिया जाता है। तो वे जाएं तो जाए कहां?। उन लोगों ने बताया कि बसंतपुर-मोहारा बायपास रोड में जब से शराब दुकान खुली है तब से वे चखना दुकान चला रहे है। इससे उनका पेट व परिवार का भरण पोषण होता है। उनको दुकान नहीं चलाने देने से वे कहा जाएंगे? उनके समक्ष रोजी-रोटी व पेट तथा परिवार के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए आबकारी कार्यालय की मेडम के समक्ष गुहार लगाने आए है। चखना दुकानदारों ने बताया कि मेडम ने उन्हें इस सम्बंध में बात करने शनिवार को 12 बजे कार्यालय में पहुंचने कहा था लेकिन वे कार्यालय में कही नजर नहीं आ रही। स्टाफ के लोगों से पूछने पर बताया कि थोड़ी देर पहले मेडम कही गई है।

### अहाता वालों को लाभ पहुंचाना

चखना दुकान चलाने वालों ने कहा कि उनकी चखना दुकान न चलने देने का मुख्य उद्देश्य लाखों रूपए के ठेके में दिए चखना सेन्टर अहाता वाला को लाभ पहुंचाना है। जबकि वे मोहारा, बसंतपुर बायपास रोड में शराब दुकान खुलने के साथ ही कई वर्षों से चखना दुकान चलाने का व्यवसाय कर रहे है। बता दे कि मंडी बायपास की देशी शराब दुकान के अहाता नीलामी से आबकारी विभाग को 36 लाख 51 हजार रूपए की आय होगी। उक्त अहाते का ठेका दस माह के लिए दिया जा रहा है। मंडी बायपास की चखना दुकान को ठेका में दिए जाने के उपरांत फुटकर चखना दुकान लगाने वाले यदि शराब भट्टी के आसपास अपनी दुकाने लगाते है तो स्वाभाविक है कि अहाता ठेका वाले चखना सेन्टर वालों की दुकाने प्रभावित होगी। यही वजह ठेका वाले चखना सेन्टर वालों की दुकाने प्रभावित होगी। यही वजह है कि बसंतपुर मंडी बायपास के आसपास फुटकर चखना दुकान लगाने वालों को दुकान लगाने से मना किया जा रहा है।

### अनुमति की जरूरत नहीं

आबकारी कार्यालय स्टाफ के एक कर्मी ने बताया कि यदि इन चखना दुकान चलाने वालों की दुकान शराब भट्टी से सौ-डेढ़ सौ मीटर दूर है तो इन्हें विभाग से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। इस पर चखना दुकान चलाने वालों ने कहा कि वे सभी मोहारा बायपास के नीचे शराब भट्टी से लगभग 500 मीटर दूर चखना की दुकानें लगाते है, जिस पर नियम के हिसाब से आबकारी विभाग को आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन उन छोटे-छोटे दुकानदारों की तंग किया जा रहा है। उनकी दुकानें बंद करवाई जा रही है।

> नए नियम आने के हिसाब से चखना दुकान अहाता चलाने के लिए लायसेंस होना जरूरी है। बगैर लायसेंस वालों पर कार्रवाई होगी।
>
> **- कुसुम जोल्हे, एपीओ आबकारी कार्यालय राजनांदगांव**

# फरार शातिर शराब कोचिया परमवीर रायपुर से गिरफ्तार

## दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है



राजनांदगांव (दावा)। थाना छुरिया पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही के चलते फरार शातिर शराब कोचिया परमवीर सिंह को रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत जिले के पाटेकोहरा निवासी फरार शराब कोचिया परमवीर सिंह उर्फ पम्मा पिता मोहन सिंह उम्र 41 को धर दबोचा गया है।

बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में 23 मार्च 2024 को थाना छुरिया पुलिस द्वारा चंदैनीडीह तिराहा के पास नाकाबंदी के दौरान टीवीएस ज्यूपिटर क्रमांक सीजी-08/एएक्स-6802 में अवैध रूप से शराब परिवहन करते आरोपी नरेश ठाकुर एवं रोहित सिन्हा दोनो निवासी पाटेकोहरा के पास से 115 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था जो पूछताछ में बताए थे की शराब व मोटर सायकल परमजीत सिंह उर्फ पम्मा निवासी पाटेकोहरा का है आरोपी परमजीत घटना दिनांक से फरार था जिसे साइबर सेल के सहयोग से रायपुर से गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत शनिवार 1 जून को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### वयोवृद्ध कांग्रेस नेता श्री भंवर लाल जी टाटिया का निधन



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के वयोवृद्ध कांग्रेस नेता श्री भंवर लाल जी टाटीया का आज शनिवार निधन हो गया। वह पूर्व में राजनांदगांव कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 2 जून 2024 रविवार को सुबह 8.30 बजे ठेठवार पारा से लखोली मुक्तिधाम हेतु निकलेगी। वे जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पदम कोठारी के मामा थे।

### शिक्षक गणेशराम साहू सेवानिवृत हुए



राजनांदगाव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी में कार्यरत गणेश राम साहू शिक्षक 31 मई को 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। 24 जून 86 को सेवा में आए व 38 वर्षो की कुल सेवा अवधि में आप ग्राम रेंगाकठेरा (मोहला), तुर्रेगढ़ (छुरिया), भोतीपारखुर्द नया आदि में कुशल शिक्षक के रूप में सेवा प्रदान किये। सहज व्यक्तित्व, मिलनसारिता, व कार्य के प्रति समर्पण के कारण शैक्षणिक जीवन में छात्र छात्राओं, पालकों, अधिकारियों एवं मित्रों में काफी लोकप्रिय है। सेवानिवृत होने पर प्रधानपाठक प्रमोद सिंह, स्टॉफ एवं मित्रों ने बधाई देते हुए शुभकामनायें दी है।

### भगवती प्रसाद वर्मा का निधन

दुर्ग (दावा)। भगवती प्रसाद वर्मा उम्र 77 वर्ष निवासी भिलाई 3 दक्षिण वसुंधरा नगर (ग्राम बटंग वाले) का दुखद निधन सेक्टर 9 में 1 जून शाम 4 हो गया जिनका अंतिम संस्कार 2 जून रविवार को सुबह 10 बजे भिलाई 3 नूतन चौक मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी शव यात्रा उनके निज निवास दक्षिण वसुंधरा नगर भिलाई 3 से निकलेगी। वे दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के जीजा जी एवं निखिल कुमार वर्मा के पिता थे।

### कमलाबाई भरतद्वाज का निधन



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम जामसरारकला निवासी कमलाबाई भरतद्वाज पति स्व.भोलाराम उम्र 68 वर्ष का स्वर्गवास 1 जून शनिवार को गया है, वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# मंत्रियों को आईआईएम में ट्रेनिंग देने वाला छत्तीसगढ़ बना देश का पहला राज्य

## कड़े अनुशासन के बीच स्टूडेंट्स की तरह क्लास अटेंड कर रहे मंत्री



रायपुर। आईआईएम में दो दिन की मंत्रियों की ट्रेनिंग को हालांकि, छत्तीसगढ़ सरकार ने चिंतन शिविर नाम दिया है। मगर मंत्रियों की क्लास मूलतः गुड गवर्नेस पर फोकस है। उसी के अनुरुप क्लास का सिलेबस तैयार किया गया है। सिलेबस याने पाठशाला का प्रारुप। गुड गर्वनेंस, गुड डेवलपमेंट, गुड इनोवेशन पर दो दिन का मंत्रियों की पाठशाला केंद्रित है। इसमें मंत्रियों को पढ़ाने के लिए नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमणियम समेत देश भर से विषय विशेषज्ञ आईआईएम पहुंचे हैं।

कड़ा टाईम टेबल, तगड़ा अनुशासन आईआईएम भारत सरकार का शीर्ष मैनेमेंट इंस्टिट्यूट है। इसमें मंत्रियों के लिए उसी तरह टाईम टेबल बनाया गया है, जैसा मैनेजमेंट के विद्यार्थियों या रिसर्च स्कलर के लिए आयोजित वर्कशॉपों में होता है। मंत्री हैं, इसलिए अलग ट्रिटमेंट नहीं। बिल्कुल टाईम से क्लास। बीच में दस मिनट का टी ब्रेक तो बिल्कुल 10 मिनट का ही। लंच भी एकदम टाईम से। कल सुबह साढ़े छह बजे योगा की क्लास होगी। सभी मंत्रियों को पहले से कह दिया गया है कि टाईम से पहुंचना है...टाईम में लापरवाही बिल्कुल नहीं। आईआईएम में अनुशासन इतना कड़ा है कि मंत्री नौ बजे से शेड्यूल के अनुसार तन्मयता से क्लास अटेंड कर रहे हैं। सरकार द्वारा फोटो जारी किए गए हैं, उसमें आपने देखा ही, सभी मंत्री गले में परिचय पत्र लटकाए हुए आदर्श विद्यार्थी के लुक में नजर आ रहे।

### मुख्यमंत्री ने चिंतन शिविर में योगाभ्यास किया



रायपुर। राजधानी रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर के दूसरे दिन आज सुबह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने मंत्रीमंडल के सहयोगियों के साथ योगाभ्यास किया।

# मुख्यमंत्री ने चिंतन शिविर के दूसरे दिन आईआईएम परिसर का मंत्रीगणों के साथ भ्रमण किया



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर के दूसरे दिन आज अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने योगाभ्यास के बाद मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ भारतीय प्रबंध संस्थान परिसर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान परिसर स्थित स्पोर्ट्स कैम्पस (अखाड़ा), हॉस्टल मेस, फाउंडेशन स्टोन (आधारशिला), प्रशासनिक भवन (कर्मशीला), जैव विविधता के लिए निर्मित परिसर और क्वींस पैलेस का भ्रमण किया। उन्होंने क्वींस पैलेस से आईआईएम के विहंगम दृश्य का अवलोकन किया।

इस दौरान आईआईएम के प्रोफेसर सत्यशिबा दास और कॉरपोरेट रिलेशन ऑफिसर गिरिश पहाड़िया ने संस्थान के बारे में मुख्यमंत्री श्री साय और मंत्रीगणों को जानकारी दी। संस्थान के अधिकारियों ने प्रशासनिक भवन में रखी हुई संस्थान की रेप्लिका के माध्यम से निर्माणाधीन संरचनाओं और भावी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# पूर्व जनपद अध्यक्ष की हत्या



बिलासपुर-रायपुर। जांजगीर जिले के रहने वाले पूर्व जनपद अध्यक्ष और ट्रांसपोर्टर की बदमाशों ने हत्या कर दी। 23 मई की रात वह अपनी कार से परिवार के साथ घर लौट रहे थे, तभी बिलासपुर-रायगढ़ नेशनल हाइवे पर बदमाशों ने पत्थर से हमला कर दिया।

बुधवार को उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने लूटपाट करने के लिए पथराव किया था, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है। जांजगीर-चांपा जिले के रेमंड परसदा निवासी बालमुकुंद वर्मा ट्रांसपोर्टिंग का काम करते हैं। 23 मई की शाम 6 बजे वे पूर्व जनपद अध्यक्ष रामचंद्र चंद्राकर और उनके परिवार के सदस्यों को लेकर तखतपुर में रहने वाले रिश्तेदार के घर गए थे। वहां पर भोजन के बाद वे परसदा लौट रहे थे। सकरी से वे जांजगीर-चांपा बाइपास होते हुए मस्तूरी की ओर जा रहे थे, तभी सिलपहरी के पास सड़क किनारे खड़े युवकों ने उनकी कार पर पथराव कर दिया। कार का शीशा टूट गया। पत्थर लगने से कार के बीच सीट पर बैठे रामचंद्र के सिर में गंभीर चोटें आईं। इस दौरान कार चला रहे बालमुकुंद ने स्पीड कम किया तो युवक अपनी बाइक से सृजन फैक्ट्री की तरफ भाग गए। इस घटना में घायल रामचंद्र को तोरवा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। 6 दिन तक चले उपचार के बाद बुधवार को उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। भारती मरकाम ने बताया कि मामले में दो आरोपियों को हत्या के प्रयास में जेल भेजा गया है। घायल की मौत के बाद अब आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में हीट वेव का कहर, टूटा 10 वर्षों का रिकार्ड

## राजधानी रायपुर का पारा पहुंचा 47 डिग्री



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में नौतपा के बीच भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 46 के पार पहुंच गया है। गुरुवार को राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के इतिहास में 10 साल का रिकॉड तोड़ा दिया है। इधर, मौसम विभाग की माने तो छत्तीसगढ़ में हीट वेव को लेकर 24 घंटे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

बता दें, छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में हीट वेव की स्थिति आगे भी बनी रहेगी। जिसमें रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, सक्ति, बिलाईगढ़, महासमुंद, कोरबा, कोरिया, बेमेतरा, बिलासपुर, बलोदाबाजार, दुर्ग, जांजगीर-चांपा जिला शामिल हैं।

### अलर्ट मोड पर साय सरकार

लगभग सप्ताहभर से समूचे छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ रही है। अनेक स्थानों पर आगजनी और लू की चपेट में आकर मौतों की खबरें सामने आई हैं। ऐसे में अब इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार अलर्ट मोड पर है। सीएम विष्णुदेव साय ने सभी संस्थाओं को फायर फाइटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### साय सरकार ने अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए

सीएम ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर जानकारी दी कि, अधिकारियों को फायर फाइटर की जांच के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने लिखा है कि, भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों, छोटे-बड़े उद्योगों, होटलों, बहुमंजिला इमारतों, मॉल, गेमिंग जोन, अस्थाई प्रदर्शनियों, पेट्रोल पंप आदि का मौका मुआयना कर अग्निशामक यंत्र की सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं.............बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुस्ना बाना पति मो. इस्माइल निवासी शहर/ग्राम ब्राम्हण पारा राजनांदगांव प.ह.नं....... तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/माता/पिता/अन्य शबाना बानो आ. मो. इस्माइल जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 14/6/2024 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 29/5/24 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 29/05/24
सुनवाई दिनांक 14/06/24

**कार्यपालिकदण्डाधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**शुभांक**

अनुमानित

**बी. के.**

**157-3 180-9**

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -**सम्पादक**

**dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में**

भीड़भरा शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर

सतीश जैन कृत

**मोर छंइया भुंईया-2**

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show

**SILVER SCREEN MULTIPLEX**

31st May to 06th June 2024

silver SCREEN




Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 and 09:30 pm




Mr and Mrs Mahi - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# भीषण गर्मी में आग लगने की हो रही घटनाएं, फायर फाईटिंग सिस्टम मिले खराब



## अग्नि शमन व्यवस्था की पड़ताल करने निकले अधिकारी

राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी के माहौल ने आग लगने की घटनाएं बढ़ गई है। इन घटनाओं के मद्दे नजर प्रशासनिक अफसरों ने शहर के करीब आधा दर्जन स्थानों पर दबिश देकर फायर फाइटिंग सिस्टम की जांच पड़ताल की गई। अफसरों की जांच में यह बात सामने आई कि सभी स्थानों पर फायर फाइटिंग सिस्टम खराब और बंद मिले। वही किसी के पास भी लाइसेंस नहीं मिला। इस मामले में प्रशासन द्वारा इन्हें नोटिस दिए जाने की तैयारी है।

बता दे कि भीषण गर्मी के कारण आग लगने की घटना घटित हो रही है। बाजार क्षेत्र व अन्य ऐसे क्षेत्र जहां लोगों की सबसे ज्यादा आवाजाही होती है। ऐसे थाना में अग्नि शमन व्यवस्था की पड़ताल करने के लिए प्रशासनिक अफसरों की एक टीमने दबिश दी। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर एसडीएम अतुल विश्वकर्मा और सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक की टीम ने बसंतपुर मंडी माल में दबिश देकर जांच पड़ताल की। वहां अफसरों को फायर सिस्टम खराब मिला। बसंतपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भी फायर सिस्टम खराब मिला। अफसरों ने बॉडी टेक जिम की भी जांच पड़ताल की। वहां भी फायर लाइसेंस नहीं मिला। जांच-पड़ताल के बाद अफसरों ने फायर सिस्टम को दुरूस्त करने के निर्देश दिए है। बताया जाता है कि एक-दो दिनों के भीतर और भी स्थानों में फायर सिस्टम की जांच के लिए आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा।

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाएं वट सावित्री का व्रत करेंगी 6 का




राजनांदगांव (दवा)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जेठ अमावस्या के अवसर पर सुहागिन महिलाओं द्वारा बरगद के पेड़ पर चारों ओर मौली धागा बांधकर विधिवत् पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत किया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार पतिव्रता सावित्री ने अपने पति सत्यवान की अल्पआयु में मृत्यु होने पर यमराज के समक्ष हठकर बरगद के पेड़ के नीचे अपने पति के प्राण वापस लिए थे। तब से यह व्रत ठीक 12 बजे दोपहर को सुहागिन महिलाओं द्वारा नंगे पैर बरगद के वृक्ष के पास पहुंचकर विधिविधान के साथ पूजन अर्चन कर अपनी पति की आयु में वृद्धि की कामना करती हैं।

# लू से बचाव के संबंध में आवश्यक सलाह

## जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति होती है उत्पन्न



- बहुत अनिवार्य नहीं हो तो घर से बाहर न जाए
- धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले
- पानी अधिक मात्रा में पीये, मौसमी फल का करें सेवन

राजनांदगांव (दावा)। गर्मी के मौसम को देखते हुए लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्गदर्शन दिया गया है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। इसका असर बच्चों, बुजर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से अधिक हो जाता है, तब टेम्पेरचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणामस्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि लू लगने पर शरीर में लक्षण दिखाई देने लगते है। जिसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना शामिल है। लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकते है। बहुत अनिवार्य नहीं हो तो घर से बाहर न जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा में पीये, मौसमी फल जैसे तरबूज, ककड़ी, छाछ, लस्सी समय-समय पर लेते रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए जिससे हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये, चक्कर आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। उन्होंने प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लेने तथा उल्टी, सर दर्द, बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लेने कहा है।

# डॉ. रमन सिंह से स्व. जागेश्वर साहू के मामले में जिला साहू संघ मिला



राजनांदगाँव (दावा)। जिला साहू संघ राजनांदगाँव पायोनियर होमस द्वारा पाटनर्स रविशंकर फटनानी पिता जी.जे फटनानी निवासी अवंति विहार शंकरपुर रायपुर की कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले मजदूर स्व. जागेश्वर साहू चिखली राजनंदगांव निवासी का 15 मई को 11 केव्ही लाइन के चपेट में आकर बिजली करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जिसे लेकर जिला साहू संघ ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को न्याय व मुआवजा को लेकर 20 मई को ज्ञापन सौंपा गया था परंतु ज्ञापन सौंपने के 12 दिन बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होते देख शिकायत लेकर विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर जांच में बरती जा रही लापरवाही व ढील-ढाल रवैय्ये को लेकर व न्याय दिलाने और निष्पक्ष जांच एवं मुआवजा दिलाने को लेकर डॉ. रमन सिंह से समाज प्रमुखों ने मुलाकात किया और मुलाकात कर कंट्रक्शन कंपनी की शिकायत भी किया गया और मृतक जागेश्वर साहू कि मौके पर मौत के संबद्ध विस्तृत जानकारी दिया गया कि कैसे-कैसे घटना हुई की 11 केव्ही लाइन के नीचे मजदूर जागेश्वर साहू को बिना सुरक्षा मुहैया कराए चालू लाइन के दौरान गड्ढा खोदकर लोहे के पाइप गड़ाने दिया था जिससे करेंट के चपेट में आ गया। मृतक जागेश्वर का एक पुत्र 15 वर्ष और एक 11 वर्ष पुत्री उनकी मृत्यु के बाद अनाथ हो गये है, मृतक मजदूर और गरीब परिवार का है जो कंट्रक्शन के कंपनी के लापरवाही व आवश्यक सुरक्षा नही देने व चालू लाइन में काम कराने की वजह से उनकी मृत्यु हुई है, संबधित कंपनी के मालिक आज तक मृतक के घर मिलने नही पहुँचे व ना किसी प्रकार की कोई सहायता राशि प्रदान की गई है। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तत्काल कलेक्टर को फोन से इस मामले को लेकर बातचीत की और अलग से जांच अधिकारी नियुक्त करने निर्देशित किया, डॉ. रमन सिंह से जिला साहू संघ राजनांदगाँव के उपाध्यक्ष श्रीमती नीरा साहू उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार साहू, संरक्षक कमल किशोर साहू, महामंत्री नीलमणि साहू, विवेक साहू पूर्व कोषाध्यक्ष, महेंद्र साहू, चंदन साहू संघटन सचिव, मनोज साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू राजनांदगाँव, नगर साहू अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, परदेशी सोनबोइर, हिरेन्द्र साहू, नंदू साहू, गुलाब साहू सहित जिला साहू संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ में महंगी होगी बिजली, विद्युत उपभोक्ताओं को लगेगा झटका

रायपुर (आरएनएस)। चुनावी आचार संहिता खत्म होने के बाद छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं को जोर का झटका लग सकता है। राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रस्ताव और जनसुनवाई के बाद राज्य विद्युत नियामक आयोग जल्द ही नई दरें जारी कर सकता है। विद्युत वितरण कंपनी को 4,420 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय की जरूरत बताते हुए 20त्न तक टैरिफमें वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया है। बिजली की नई दरों में घरेलू पर कम और व्यावसायिक पर ज्यादा भार पड़ने की संभावना है।

बता दें कि चुनावी साल की वजह से पिछले साल बिजली की नई दरें लागू नहीं की गई थीं, लेकिन इस बार नई दरें लागू करने की तैयारी है। इसका असर उद्योग और व्यापार में पड़ सकता है। उद्योगपतियों ने जन सुनवाई में अपना पक्ष रखा है। संगठनों और आम जनता की मांग है कि विभाग को पहले लाइन लास कम करने की रणनीति बनानी चाहिए, ताकि विद्युत दरें बढ़ाने की आवश्यकता ना पड़े। अभी वितरण कंपनी की हर साल लाइन लास, बिजली चोरी के बाद राजस्व नुकसान का आंकड़ा लगभग 3,000 करोड़ रुपये के आसपास है। बिजली दरें बढ़ने से महंगाई बढ़ेगी।

वहीं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अफसरों का कहना है कि लाइन लास को रोकने लगातार काम जारी है। केंद्र सरकार की वितरण क्षेत्र में सुधार योजना के तहत युद्धस्तर पर काम हो रहा है। आने वाले समय में हम लाइन लास काफी कम कर लेंगे।

### छत्तीसगढ़ में 65 लाख बिजली उपभोक्ता

प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 65 लाख हैं, लेकिन बिजली की नई दरें तय करने के लिए विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में 65 उपभोक्ता भी नहीं पहुंचे। विशेषज्ञों का कहना है कि नियामक आयोग की जन सुनवाई इससे पहले प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित होती थी, जिसमें जन समुदाय जुड़ते थे, लेकिन 2012 से इसे बंद कर दिया गया। जन सुनवाई में सुझावों के लिए ऑनलाइन विकल्प भी उपभोक्ताओं को मिलना चाहिए।

### इस तरह बढ़ सकता है बिजली टैरिफ

0 से 100 यूनिट तक की बिजली की खपत के लिए पुरानी दरें 3.7 थीं, जो अब 3.80 से 3.85 तक हो सकती है।

101 से 200 यूनिट की खपत के लिए पुरानी दरें 3.9 थीं, जो अब 4.00 से 4.05 तक हो सकती हैं।

यदि आपकी खपत 201 से 400 यूनिट तक है तो पुरानी दरें 5.3 थीं, जो अब 5.40 से 5.45 तक हो सकती हैं।

401 से 600 यूनिट तक की खपत के लिए पुरानी दरें 6.3 थीं जो अब 6.40 से 6.45 तक हो सकती हैं।

यदि आपकी खपत 601 यूनिट से अधिक है तो पुरानी दरें 7.9 थीं जो अब 8.00 से 8.05 तक हो सकती हैं।

# 19 मौतों के बाद भी नहीं सुधर रहे लोग, अभी भी मालवाहन में कर रहे सफर, आरटीओ ने की चालानी कार्रवाई

कबीरधाम(दावा)। कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा के तहत कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपानी घाट में बीते माह 20 मई को पिकअप वाहन 30 फीट नीचे खाई में गिर गया था। हादसे में 19 आदिवासियों की मौत और 16 घायल हुए हैं। ये सभी ग्राम सेमरहा के रहने वाले है, जो जंगल से तेंदूपत्ता तोड़कर वापस अपने घर जा रहे थे। इतने बड़े हादसे के बाद अभी भी लापरवाही बरती जा रही है। लोग वर्तमान में भी पिकअप वाहन में सफर कर रहे हैं। हालांकि, जिले के आरटीओ द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

कबीरधाम आरटीओ एमएल साहू ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 45 मालवाहनों पर सवारी परिवहन करते वाहन, 21 यात्री बस परमिट शर्तों के उल्लंघन करते पाए गए, 23 ब? और छोटे वाहन हाईवे किनारे खड़े थे। ऐसे वाहन मालिकों से 3 लाख 20 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। मोटरयान अधिनियम के तहत यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। लोगों को सतर्क और सजग रहने की सलाह दी जा रही है, साथ ही मालवाहन में यात्री का परिवहन करने वाले सभी वाहनों पर कार्रवाई जारी है।

# मतगणना के दौरान भाजपा कार्यकर्ता सजग रहें - सुरेश लाल

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा कार्यालय में आज 4 जून को प्रस्तावित मतगणना कार्य के लिये नियुक्त किये गये गणन अभिकर्ताओं व एआरओ. कार्यकर्ताओं की एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें मतगणना के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को सजग व जागरूक रहकर कार्य करने की बात कही गई।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक में कार्यकर्ताओं को मतगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराते हुये वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच.लाल. ने कहा कि इस दौरान कार्यकर्ताओं को सुबह 7.00 बजे मतगणना स्थल पर पहुंचना है, वे अपने साथ मोबाईल, पेन व तम्बाकू, गुटखा इत्यादि चीजे लेकर नहीं आये तथा समय पर निर्धारित टेबल पर अपना स्थान सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे कहा कि मतगणना कार्य बेहद आवश्यक है इस हेतु किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। देश की राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत कराते हुये कहा कि पूरा भारत व सारी दुनिया इस बात को अच्छे से समझ रही है कि मान्यवर मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे है, उनके 'चार सौ पार' की माला में एक फूल हमारे संसदीय क्षेत्र का भी होगा, इस विश्वास के साथ कार्यकर्ता मतगणना कार्य में लगने गणना स्थल पर उपस्थित हो। बैठक को लोकसभा चुनाव संयोजक पूर्व सांसद मधुसूदन यादव भाजपा प्रत्याशी व सांसद संतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया व कार्यकर्ताओं को हर परिस्थिति से निपटने के लिये तैयार रहने का आह्वान किया। मंच पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, सचिन सिंह बघेल, खैरागढ़ के जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, एम.डी. ठाकुर, सावन वर्मा, लीलाधर साहू, बंटी भाटिया, शिव वर्मा, प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, रविन्द्र वैष्णव उपस्थित थे। इस दौरान कोमल सिंह राजपूत, कैलाश शर्मा, आलोक श्रोती, हिरेन्द्र साहू, आलोक बिंदल, किशुन यदु, रघुवीर वाधवा, त्रिगुण टॉक, तरूण लहरवानी, रोहित चन्द्राकर, राधेश्याम गुप्ता, रवि सिन्हा, बिरेन्द्र जैन, भावेश बैद, सुमीत भाटिया, आकाश चोपड़ा, मिथलेश्वरी वैष्णव, संगीता मिश्रा, पुष्पा गायकवाड़ सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# हुआ उत्पाती बंदर का रेस्क्यूः घरों में घुसकर लोगों को परेशान कर रखा था, वार्ड पार्षद की पहल पर वन विभाग ने पकड़ा...

दुर्ग (दावा)। विगत एक सप्ताह से गया नगर वार्ड 4 के विभिन्न घरों में घुसकर उत्पात मचाने वाले बंदर को आज वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कर पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार अपने झुंड से बिछड़े बंदरों में से 2 बंदर कुछ दिनों से उत्पात मचा रखा था, आए दिन किसी भी घर में घुसकर किचन की सामग्री खा जाना या घर में मौजूद लोगों पर हमला करने को कोशिश से लोगों में दशहत हो गया था जिसकी लगातार शिकायत मिल रही थी किंतु आज सुबह उक्त उत्पाति बंदर गली नंबर 4 स्थित युगल किशोर तुरतुरिया नाम के एक परिवार के घर घुस गया जिससे भयभीत परिवार के पूरे सदस्य चार घंटा बंधक के रूप में घर के अंदर कैद हो गए। इस दौरान मुहल्ले वासियों ने इसकी जानकारी वार्ड की पार्षद श्रीमती लीना दिनेश देवांगन को सूचना दिया और अपने स्तर पर भी घर के आंगन में घुसे बंदर को भागने की चेष्टा की किंतु सफल नहीं होने बाहर से घर की गेट बंद कर दिया गया। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने वन विभाग से संपर्क कर इसकी पूरी जानकारी दिया और वे स्वयं वन विभाग की टीम लेकर मौके पर पहुंचे तत्पश्चात वन विभाग की रेस्क्यू दल द्वारा जाल के माध्यम से बंदर को पकड़कर मैत्री गार्डन ले जाया गया।

# कांग्रेस गठबंधन को मिलेगा 440 का झटका - मो. इरफान शेख



## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को मिलेगा ठेंगा - हैरी जोसेफ

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख व जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने समवेत बयान में कहा कि आगामी 4 जून को कांग्रेस नीत गठबंधन को 440 का जोर झटका धीरे से लगने वाला है। वही भाजपा ने देश भर के अपने प्रत्येक कार्यालय में जश्न मनाने की व्यापक तैयारी कर ली है। छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीट भाजपा की झोली में जाने वाली है। लोकसभा चुनाव का सातवां चरण कल 1 जून को संपन्न हो जाने के साथ कांग्रेस और उसके गठबंधन के बुरे दिन शुरू हो जाएंगे। पहले तो यह आपस में लड़ेंगे भिड़ेंगे और हार का टिकरा एक दूसरे पर फोड़ेंगे। जबकि भाजपा अपनी सरकार बनाने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने की तैयारी में जुट गई है। श्री शेख व श्री जोसेफ ने आगे कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी भाजपा को स्थिर सरकार के रूप में दशकों तक बने देखना चाहती है। क्योंकि कांग्रेस ने अपने 50 साल के शासनकाल में देश को पतन के गर्त में ले जाने और लूटने काम किया है। जबकि भाजपा ने अपने 10 साल के शासन काल में सेवा की कई अनोखी मिसाल पेश की है। जिससे जनता का भरोसा भाजपा पर बढ़ा है। इन्होंने कहा कि भाजपा न सिर्फ विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में अपना वर्चस्व कायम कर रही है। अभी तो स्थानीय चुनाव जैसे नगरी निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी अपने विश्वास पात्र लोगों को प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है और आने वाले समय में भी देगी। जनता भाजपा के डेलीगेट्स पर भरोसा करते हुए विकसित भारत का सपना संजोई हुई है।

# जिले के अंतिम गांव एवं व्यक्ति को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरुक करने की जरुरत - कलेक्टर

- कलेक्टर ने जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में मिशन जल रक्षा के संबंध ली बैठक
- जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में कार्य करने के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की



- सामूहिक रूप से कृषि करने पर किसानों को मिलेगा फायदा
- खाली जगहों एवं खेतों के मेड़ों में करें अधिक से अधिक वृक्षारोपण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में मिशन जल रक्षा के संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में घटता जल स्तर बहुत बड़ी चिंता का विषय है, इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में कार्य करने के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले के अंतिम गांव एवं व्यक्ति तक घटते जल स्तर और जीवन में होने वाली समस्याओं की जानकारी देनी है। उन्होंने कहा कि समाज में बहुत अच्छे लोग है।

हम समाज के साथ मिलकर कार्य करें और उन्हें जल संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी दें। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी कार्य करने चाहिए। जिसके लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण, कम पानी लगने वाली फसलों का उत्पादन, तालाबों एवं नहर-नालों को बांधकर वाटर रिजार्च जैसे कार्य करना चाहिए। जिससे भू-जल स्तर अच्छा रहे। उन्होंने गांवों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण और खेतों के मेड़ों में वृक्षारोपण करने कहा। उन्होंने खाली जगहों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने कहा, जिससे मिट्टी का क्षरण रूकेगा और पर्यावरण संतुलन बना रहेगा। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने किसानों को कम से कम पानी आवश्यकता वाले फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने किसानों को ऐसी फसलों की जानकारी देने कहा जिन फसलों में पानी की कम आवश्यकता हो और अधिक लाभ मिले। उन्होंने किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाली बीज उपलब्ध कराने कहा। जिससे किसानों को उत्पादकता अधिक होगी और लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से कृषि करने पर किसानों को फायदा मिलेगा। जिसके लिए प्रशासन सहयोग करेगा। समूह में कृषि करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने कहा। पपीता, केला एवं अन्य फल तथा चना एवं मिर्च जैसी फसलें कलस्टर में लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इसके अच्छे परिणाम मिलेंगे और लागत कम आएगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि किसानों को धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करें और इसके लिए समन्वित तरीके से सक्रियतापूर्वक कार्य करें। किसानों के हित में तथा उनके आय में बढ़ोत्तरी हो इसके लिए सभी अपने अनुभवों के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। वैज्ञानिक तरीके से खेती-किसानी तथा फसलों से संबंधित समस्या एवं उनका समाधान, फसलों की वेरायटी की पूरी जानकारी किसानों को देने कहा। किसानों की आय बढ़ाने के लिए संभावनाओं की जानकारी देने कहा। छोटे किसानों को मिलेट्स, दलहन, तिलहन जैसी फसल लगाने के लिए प्रेरित करें। बहुत सी फसलें ऐसी हैं जो धान से ज्यादा लाभकारी है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले में घटते जल स्तर की समस्या से अवगत कराते हुये वर्तमान में जमीन के नीचे उपलब्ध पानी को कैसे बचाया जा सकता है, जल संरक्षण हेतु क्या-क्या उपाय किये जा सकते है, कैसे फसल विविधता एवं अधिक आय एवं कम पानी की उपयोग वाली फसलों को बढ़ाया जा सकता है के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कृषि उत्पाद संगठनों एवं उद्योगों के प्रतिनिधि तथा कृषि विभाग से कांट्रेक्ट फार्मिंग के संबंध में सुझाव लिया। बैठक में उद्योगों के प्रतिनिधियों से जल संरक्षण एवं संवर्धन, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। उन्होंने सड़क किनारे, स्कूलों, तालाबों एवं खेतों के मेड़ों में वृक्षारोपण का प्लान तैयार कर इस दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध किया। साथ ही बताया गया कि धान के अतिरिक्त कई ऐसे भी फसले है जिसका कम सिंचाई में उत्पादन कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकते है। एफपीओ एवं उनके प्रतिनिधियों से धान के अतिरिक्त अन्य फसलों को लेने हेतु सुझाव लिया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने बताया कि कई स्थानों में धान के अतिरिक्त मक्का, मूंगफल्ली, दलहन, तिलहन आदि फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। कृषक प्रतिनिधियों द्वारा बीज की गुणवत्ता एवं सहज उपलब्धता तथा मार्केटिंग की व्यवस्था बेहतर सुनिश्चित करने हेतु बैठक में सुझाव दिया गया। बैठक में खैरागढ़ वनमंडलाधिकारी, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, महाप्रबंधक नाबार्ड, उपायुक्त सहकारिता, उद्यानिकी विभाग, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, बीज निगम के जिला स्तरीय अधिकारी, कृषक उत्पाद संगठन, किसान सहित एबिस ग्रुप, राजाराम मेझ प्रोडेक्ट, कमल साल्वेंट, गोयल मिल तथा कृषि संबंधित अन्य उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> खाली हाथ आये हो और खाली हाथ जानाउ है इसलिए व्यर्थ की चिंता छोड़कर व्यक्ति को हमेशा सद्कर्म करना चाहिए।

# हीटवेव का क़हर : बिहार और ओडिशा में 18 की मौत

भारत के कई राज्यों में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल है. कई शहरों में बीते कुछ दिनों से पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा है.

इस साल हीटवेव से पूरे देश में कितने लोगों की मौत हुई है, अभी इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है. हालांकि शुक्रवार को बिहार में ÷अधिक गर्मी÷ पड़ने से कम से कम 14 लोगों की और ओडिशा में चार लोगों की मौत हुई है.

एक जून को होने वाले सातवें और आख़िरी चरण के मतदान से पहले अत्यधिक गर्मी ने केंद्र और प्रदेश सरकारों की चिंता बढ़ा दी है.हाल के दिनों में राजस्थान के कई ज़िलों में तापमान 50 डिग्री के पार दर्ज किया गया. वहीं राजधानी दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब और हरियाणा में भी रिकॉर्ड गर्मी दर्ज की गई. कई हिस्सों में इस दौरान पानी की परेशानी भी बड़ी मुसीबत बनी हुई है.इस बीच राजस्थान हाई कोर्ट ने गुरुवार को सरकार से अपील की है कि हीटवेव की स्थिति को देखते हुए वो इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करे.

गुरुवार को मध्य प्रदेश के कई शहरों में तापमान ने 45 डिग्री से अधिक रहा. मौसम विभाग ने यहां हीटवेव की चेतावनी भी जारी की है.मौसम विभाग की ताज़ा जानकारी के अनुसार पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली के कुछ हिस्सों में, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग स्थानों में पहली जून, 2024 को ऊष्ण लहर की स्थिति होने की संभावना है. हीटवेव को लेकर भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया, पिछले 24 घंटों में बिहार, झारखंड और ओडिशा में गर्मी के कारण काफी लोगों की मौत हुई है. हम उम्मीद करते हैं कि कल से इन राज्यों में गर्मी धीरे-धीरे कम होगी. इसलिए राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, बिहार और झारखंड समेत 9 राज्यों में हीटवेव के लिए ऑरेंज अर्लट जारी किया गया है.

उन्होंने चेतावनी भी दी कि बंगाल की खाड़ी से उत्तर भारत में आने वाली ठंडी हवाओं से गर्मी में कमी आ रही है. हालांकि आने वाले दिनों में भारी आंधी-तूफान और बिजली गिरने की भी संभावना है, इसलिए लोगों को सावधान रहना चाहिए. बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा है कि भीषण गर्मी से शुक्रवार को 14 लोगों की मौत हो गई.गर्मी की वजह से मारे गए लोगों में 10 मतदान कर्मी भी शामिल हैं. पांच मतदान कर्मी आरा, तीन रोहतास, एक-एक कैमूर और औरंगाबाद ज़िले के रहने वाले थे. वहीं मारे गए चार आम नागरिक औरंगाबाद ज़िले के रहने वाले थे. आरा के ज़िला मजिस्ट्रेट महेंद्र कुमार ने कहा आज तापमान काफी अधिक है और हीटवेव में काम करना बड़ी चुनौती साबित हो रहा है. हमने अपनी मेडिकल टीमों तो अलर्ट पर रखा है. अस्पतालों में हमने पुलिस और मोबाइल टीमों को तैयार किया है.समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल (एएनएमसीएच) के सुप्रिटेंडेंट विनोद शंकर सिंह ने बताया कि अस्पताल में अलग से हीटवेव वॉर्ड बनाया गया है. अस्पताल में 48 बेड का एक अलग वार्ड बनाया गया है. अभी तक इस वार्ड में 35 लोगों को एडमिट कराया जा चुका है.÷गर्मी को देखते हुए नालंदा जिले के सदर अस्पताल में भी हीटवेव के मरीज़ों के लिए अलग वार्ड तौयार किया गया है.



बीते कई दिनों से दिल्ली में पारा अधिक रह रहा है. समाचार एजेंसी एएफ़पी के अनुसार बुधवार को दिल्ली में बिजली का इस्तेमाल रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया.दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता आतिशी मार्लेना ने कहा है कि दिल्ली भीषण हीटवेव से जूझ रही है और ये वक्त राजनीति करने का नहीं है.उन्होंने कहा, इस गंभीर हीटवेव से दारौन दिल्ली में पानी की किल्लत है और दिल्ली के लोग इस कारण परेशान हैं. ऐसे वक्त बीजेपी गंदी राजनीति कर रही है. मैं पूछना चाहती हूं कि जब दिल्ली में 50 डिग्री सेल्सियस है तो क्या ये राजनीति करने का वक्त है? क्या ऐसे वक्त हमें साथ नहीं आना चाहिए?

दिल्ली के एक तरफ हरियाणा है और दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश है. दोनों ही जगहों पर बीजेपी की सरकार है. अगर बीजेपी कहेगी तो हरियाणा सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दिल्ली को ज़रूर पानी देगी.

अगर आप दिल्ली के लोगों का साथ देना चाहते हैं, मिलजुल कर काम करना चाहते हैं और अगर चाहते हैं कि दिल्ली वालों की ज़िंदगी में कुछ सुधार हो तो हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अपनी सरकारों से कहें कि वो केवल एक महीने के लिए जब तक दिल्ली में मॉनसून नहीं आ जाता तब तक दिल्ली को थोड़ा अधिक पानी दें.÷रॉयटर्स के अनुसार दिल्ली में भीषण गर्मी का असर पशु पक्षियों पर पड़ रहा है. दिल्ली चिड़ियाघर में इस कारण जानवरों के बेहोश होने और बीमार होने की ख़बर है.दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, ÷हमने गर्मी को देखते हुए जानवरों के खाने में बदलाव किया है. उन्हें ऐसे मौसमी फल दिए जा रहे हैं जिनमें पानी की मात्रा अधिक हो. इस बीच राजस्थान हाई कोर्ट ने कहा कि मौसम की मार के कारण हाल के वक्त में सौ से अधिक लोगों की मौत हुई है, सरकार को इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करनी चाहिए ताकि ज़रूरी पड़ने पर बाढ़ और भूकंप की स्थिति की तरह हीटवेव मामले में भी सरकार इमर्जेंसी कदम उठा सके.कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि जो लोग हीटवेव या इससे होने वाली मुश्किलों के कारण मारे गए हैं उनके लिए मुआवज़े की व्यवस्था के लिए फंड बनाया जाना चाहिए.कोर्ट ने कहा, हमारे पास कोई दूसरा ग्रह नहीं है जहां हम जा सकें. अगर हमने अभी से कड़े कदम नहीं उठाए तो हम अपनी भविष्य की पीढ़ियों को देखने का मौक़ा खो देंगे.

वहीं राजस्थान सरकार में आपदा प्रबंधन और राहत मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा है कि ÷स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक राज्य में हीटवेव से पांच लोग मारे गए हैं और ये पोस्ट मॉर्टम में साबित हुआ है. विपक्ष मौतों के आंकड़े बढ़ा चढ़ा कर बता रही है, लेकिन ये सही नहीं है.हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि कई और लोगों की भी मौत हुई है लेकिन कई शवों के पोस्ट मॉर्टम हो नहीं पा रहे हैं ऐसे में मौत की सही वजह का पता नहीं चल पा रहा है. हीटवेव के मद्देनज़र तैयारियों पर उन्होंने कहा, ÷प्रदेश सरकार ने मनरेगा का समय सवेरे 5.30 से 12.30 तक किया गया है. एक दूसरा बदलाव ये किया गया है कि 30 फीसदी काम के लिए 100 फीसदी भुगतान किया जाएगा.÷÷हीटवेव एक प्राकृतिक आपदा है. मैं मुख्यमंत्री से मिलूंगा और कहूंगा कि और हीटवेव और कड़ाके की ठंड में होने वाली मौतों के लिए आपदा राहत कोष के तहत राहत दी जाए.पहले भी वसुंधरा सरकार ने तूफ़ान और बिजली गिरने से होने वाली मौतों के मामलों में सरकारी राहत कोष से मदद का प्रावधान किया था. मैं इस दायरे को बढ़ाने की गुज़ारिश करूंगा.समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को ओडिशा के राउरकेला के सरकारी अस्पताल में 10 लोगों की मौत हुई है. माना जा रहा है कि ये मौतें हीटस्ट्रोक के कारण हुई है हालांकि अब तक इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं हुई है. जिसके बाद प्रदेश सरकार ने सवेरे 11 बजे से दोपहर के तीन बजे के बीच धूप में किए जाने वाले सभी काम बंद करने की सलाह दी है. राउरकेला के एडीएम आशुतोष कुलकर्णी ने इलाक़े में बहुत अधिक गर्मी के कारण दो दिन के भीतर चार लोगों की मौत और कई लोगों के बीमार होने की पुष्टि की है.

## कैंसर के दायरे में युवा जीवन शैली को लेकर लापरवाही बड़ी वजह

विडंबना है कि कुछ दशक पहले तक कैंसर के मामले इक्का-दुक्का सुनने में आते थे, आज अक्सर लोगों को अपने संपर्क के ही किसी व्यक्ति के कैंसर से पीड़ित होने या उसकी मौत की खबर सुननी पड़ती है। देश में कैंसर को लेकर जैसी जागरूकता होनी चाहिए, वह भी संतोषजनक नहीं है। इसका इलाज अब भी सामान्य आयवर्ग की क्षमता से बाहर है।

यह गंभीर चिंता की बात है कि देश के युवाओं की एक बड़ी संख्या कैंसर जैसे रोग की चपेट में आ रही है। यह स्थिति तब है जब पिछले कुछ दशक के दौरान आय के स्तर से लेकर खानपान और रहन-सहन आदि के मामले में ज्यादातर लोगों के बीच गुणात्मक सुधार देखा गया है। मगर इसके समांतर यह भी सच है कि इसी बीच सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ एक बड़ी आबादी खाने-पीने की चीजों और जीवनशैली को लेकर लापरवाह भी हुई है। इसका नतीजा यह है कि सामान्य से लेकर कुछ जटिल बीमारियां भी चुपके से लोगों के बीच अपने पांव फैला रही हैं। कैंसर भी उन्हीं घातक रोगों में से एक है। हाल में आई एक रपट में बताया गया है कि कैंसर रोगियों में से बीस फीसद की उम्र चालीस वर्ष से कम थी। इससे पता चलता है कि देश की युवा आबादी के बीच कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। कहा जा सकता है कि इस तरह के अध्ययन से कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने और देश को कैंसर मुक्त बनाने में सहायता मिल सकती है। मगर इससे यह भी साफ है कि कई वजहों से युवा इस रोग की जद में आ रहे हैं। फिलहाल इसकी चपेट में आए युवाओं में सिर और गर्दन के कैंसर के लक्षण पाए जा रहे हैं, मगर इस रोग की जैसी प्रकृति रही है, उसे देखते हुए इसके विस्तार से उपजे खतरे का अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस बीमारी के इलाज के मामले में अब तक जो सीमित उपाय हैं, उसमें इसे जीवनशैली में सुधार, टीकाकरण और समय पर जांच से रोका जा सकता है, मगर अफसोस की बात है कि ज्यादातर मामलों में चूंकि लोगों को पता नहीं चल पाता और इसी वजह से जांच में देरी होती है, इसलिए इसके शरीर में जानलेवा स्तर तक फैलने का खतरा पैदा हो जाता है। विडंबना है कि कुछ दशक पहले तक कैंसर के मामले इक्का-दुक्का सुनने में आते थे, आज अक्सर लोगों को अपने संपर्क के ही किसी व्यक्ति के कैंसर से पीड़ित होने या उसकी मौत की खबर सुननी पड़ती है।

## कविता

### परोपकारी यात्रा

शीतल समीर तेरे पास आ जाये
भीषन गर्मी से राहत मिल पाये
घनी छाँव सिर पर इठलायए
ऐसा करना तेरे बस में है?
पेड़ लगाओगे तो आ सब जाएगा न !
चिड़िया को हथेली पर बैठाना
तितली को घर में बुलाना
गिलहरी को उंगलियो पर नचाना
ऐसा करने की हिम्मत जरा जुटाना ?
पेड़ लगाओगे तो संभव हो जाएगा न!
बादल से अपनी बात मनवाना
मानसूनी हवाओं को पंतग सा उड़ाना
वर्षा को मनचाह जगह बरसाना
ऐसा जादू चलाने का हूनर है?
पेड़ लगाआगे तो सच हो जाएगा न!
नदियों को धाराओं को सागर तक चलाना
फल लदी डालियों का झुके -झुके रहना
झुकने की कला सीखना और सिखाना
पेड़ों की परोपकारी यात्रा अपनायेगा ?
पेड़ लगाओगे तो समझ आएगा न!

मानसिंह ठाकुर 'जलज '
बसंतपुर महामाया चौक
राजनांदगांव

# मन में बसे हैं राम -164 : श्री राम अभिषेक हेतु अयोध्यावासियों द्वारा भव्य उत्सव की तैयारी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजसेवक ने राजा दशरथ को कुलगुरु वशिष्ठ के आगमन की जानकारी दी। राजा दशरथ ने उनकी अगवानी की। राजा दशरथ ने गुरु को श्री राम के वर्तमान में युवराज के पद पर अभिषेक करने की जानकारी दी, जिसका उन्होंने पूर्णरूपेण समर्थन किया।

जनता पहले से ही उत्साह में डूबी है। राजा दशरथ ने एक और राजाज्ञा जारी की, जिसमें उन्होंने युवराज के रूप में श्री राम के अभिषेक कार्यक्रम के स्थान और समय की घोषणा की। इससे यह स्पष्टता आ गई कि कल का अभिषेक श्री राम के युवराज पद के लिए है। जनता के लिए यह समाचार भी आल्हादकारी है क्योंकि उनकी दृष्टि में महाराज दशरथ के बाद श्री राम ही स्वाभाविक रूप से राजा होंगे। वे पहले से ही उत्साहित होकर इस अभिषेक की तैयारी में डूबे हैं। जनपद के दूर स्थानों से निवासियों का अयोध्या पहुंचना प्रारंभ हो गया है। राजा दशरथ के निर्देश पर जितनी व्यवस्था राज्य की ओर से हो रही है, उससे कहीं अधिक स्वस्फूर्त व्यवस्था प्रजा की ओर से हो रही है।

घर-घर पताकाएं फहराई जा रही हैं। तोरण-बंदनवार से अयोध्या का हर घर उत्सव का घर बन गया है। घरों के आंगन में विविध रंगों से बनने वाली रंगोलियों में श्री राम के अभिषेक का उत्साह प्रकट हो रहा है।राजप्रासाद और सभा भवन समेत सभी घरों के दरवाजों में तोरण, पुष्प मालाएं सज्जित की जा रही हैं। कहीं मंगल गान हो रहा है तो कहीं नृत्य। विपणन केंद्रों में खरीदारी करने वालों की भीड़ अचानक उमड़ पड़ी है। श्री राम का अभिषेक कल होगा। अतः 24 घंटे से भी कम का समय है लेकिन अनेक नागरिक अपने घर का रंगरोगन करने में भी जुट गए हैं। केले के वृक्षांशों और आम के पत्तों को जगह-जगह पर लगाया जा रहा है।पुष्प मालाएं इतनी संख्या में तैयार हो रही हैं कि अयोध्या नगरी, पुष्प नगरी दिखाई दे रही है। अयोध्या के अनेक स्थानों पर मंडप का निर्माण हो रहा है। सबके मन में यही अभिलाषा है कि युवराज हमारी ही गली से होकर निकलें और उनके स्वागत के लिए एक सुंदर सज्जित स्थान तो होना ही चाहिए।

गुरु वशिष्ठ के निर्देश पर अभिषेक के लिए विशेष अश्वारोही श्रेष्ठ तीर्थों और नदियों का जल लाने के लिए तत्क्षण रवाना हो गए हैं। पूजन सामग्रियां अक्षत, कुमकुम, शहद, घी, हवन हेतु समिधा की सामग्री, नए वस्त्र, बहुमूल्य रत्न, विविध व्यंजनों, सौ स्वर्ण कलशों आदि की व्यवस्था की जा रही है। औषधियों, फल, पुष्प और पत्रों को अग्निशाला में पहुंचाया जा रहा है। श्री राम के लिए विशेष छत्र का निर्माण कराया जा रहा है। तुरही, नगाड़े और अन्य वाद्य यंत्र निरंतर बज रहे हैं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## सामयिक चर्चा

### लू से बचिए, घर में रहिए, और ध्यान करिए

खूब परेशान होकर
बानी बोले- ''मालूम गजाधर!
बिलासपुर में भीषण गर्मी से
दो लोगों की मौत हो गई है।
यहां भी बहुत गर्मी पड़ रही है
हमारी तो मन:स्थिति अब
बड़ी चिन्ता में खो गई है।
तो ऐसी चिन्ता से
छुटकारा पाने के लिए बताएँ
हम क्या करें गजाधर?
गजाधर बोले मुस्कराकर-
''बानी! देखो हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने
विवेकानन्द रॉक मेमोरियल पर
पैतालिस घन्टे तक ध्यान लगाया
तो बानी! जैसे हमने गिरधारी से बताया
आप से भी कह रहे है-
गरमी से, लू से बचने के लिए,
घर के भीतर रहिए
और हमारी बात ध्यान से सुन लीजिए
देखिए मोदी जी 48 घंटे का ध्यान
विवेकानन्द रॉक मेमोरियल पर
कर रहे हैं तो आप अपने घर के भीतर
शाम तक के लिए ध्यान कीजिए।




-गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -075

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 074 का हल



## सू- दोकू क्र.075

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 074 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## कविता


### गर्मी का हाहाकार

नौतपा में सूरज उगल रहा आग अंगार।
दुनिया में चारों तरफ मचा है हाहाकार।।
गर्म हवाएँ बहती हैं, कहते हैं इसको लू।
अब छाँव चाहे छाँव, रवि का है जादू।।
व्याकुल हैं कर्म पुरुष मजदूर और किसान।
रोटी के लिए मेहनत करते लगा जी-जान।।
गाड़ियों के टायर में हो रहा बम विस्फोट।
अग्नि की वर्षा से निरीह जन हुए अमोक।।
झुलस गए पेड़-पौधे, सूखे सभी जल स्त्रोत।
जलीय जीव दुखी, जो थे आनंद ओत-प्रोत।।
गोरे जीव-जंतु हो गए काजल समान काले।
रसहीन सबके कंठ, जीवन अमृत के लाले।।
प्यास से तड़प रहे अमीर-गरीब राहगीर।
भौतिक साधनों के पहने महंगी जंजीर।।
पेड़ लगता नहीं कोई, छाया सभी चाहते हैं?
एक वृक्ष है दस पुत्र समान सभी कहते हैं।।
जागो! सभी को बनना है पर्यावरण मित्र।
सुखद, शांतिपूर्ण होगा भविष्य का चित्र।।



अशोक कुमार यादव मुंगेली, छत्तीसगढ़
जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम इकाई


## राशिफल




**मेष**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। भाई-बहनों से आपको सहयोग मिलेगा। पहले शुरू किये गये ज्यादातर काम आज पूरे होंगे।




**वृषभ**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से.. काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।



**मिथुन**
आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनो से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा।महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं।



**कर्क**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।




**सिंह**
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं।



**कन्या**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको किस्मत का साथ मिलने से कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के जो लोग मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है। जीवन में चल रही सभी परेशानियां जल्द दूर होगी।




**तुला**
आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे।




**वृश्चिक**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कूरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा।




**धनु**
आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने मन की बात किसी ख़ास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थ-डे पार्टी मे जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने का मौका मिलेगा। आज आप आर्थिक मामलो मे किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे।



**मकर**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी।



**कुंभ**
आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी।



**मीन**
आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

# विद्युत कर्मियों को विद्युत दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा उपायों का दिया गया मूलमंत्र



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा अंबागढ़ चौकी उपसंभाग कार्यालय में विद्युत कर्मियों के लिए 'सेफ्टी परेड' कार्यशाला आयोजित कर सुरक्षित ढंग से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। जिसमें पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अंबागढ़ चौकी उपसंभाग के सहायक अभियंता प्रशांत पांसे द्वारा के द्वारा तकनीकी एवं ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने एवं लाइन मेन्टेनेंस तथा एरियर्स रिकवरी के उपायों के विषय में जानकारी दी गयी। श्री पांसे ने कहा कि ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि थोड़ी से लापरवाही से जान जा सकती है इसलिए विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। उन्होंने मैदानी अमलों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत कनेक्शन में सहीं अर्थिंग बहुत महत्वपूर्ण है, ये बात सभी उपभोक्ताओं को बताएं और स्वयं भी इसकी जांच भी करें।

इस सुरक्षा सेमीनार में अधिकारियों ने कहा सुरक्षा का मूलमंत्र है, कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें। विद्युत लाइनों पर कार्य करने के पूर्व विधिवत परमिट लेकर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते हुए एबी स्वीच को ओपन कर लाइन को डिस्चार्ज कर लेवें, और यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि किसी अन्य उपकेन्द्र से इस लाईन पर विद्युत प्रदाय तो नही किया जा रहा है यदि ऐसा है तो उसे दूसरे छोर से भी नो बैकफीड परमिट अवश्य ले तथा लाइन को बंद करावें। मोबाइल के माध्यम से कदापि परमिट ना लें। समस्त तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करें और खराब होने पर तत्काल बदलें।

पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने विद्युत कर्मियों को सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज रॉड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, टेस्टर, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया। इस दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा भी अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता बी. के. कुर्रे, श्रीमति सरोज गंधर्व सहित चौकी उपसंभाग के लाइन कर्मी उपस्थित रहे।

## ढाई लाख मतों से विजयी होंगे भूपेश बघेल - सपा

राजनांदगाँव (दावा)। सम्पन्न हुये लोकसभा चुनावों में राजनांदगाँव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ढाई लाख से ज्यादा मतों से विजयी होंगे। इंडिया गठबंधन के प्रमुख भागीदारी निभाने वाली पार्टी समाजवादी पार्टी ने दावा किया है कि कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल बड़े अंतर से राजनांदगांव संसदीय सीट पर विजयी होंगे। केन्द्र की भाजपा की सरकार की जनविरोधी नीतियों जैसे देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसान विरोधी, देश के संसाधनों को उद्योगपतियों के हाथों सौंपना तथा झूठों वादों से देश को गुमनाम कर सत्ता पे काबिज सरकार से देश की जनता का मोहभंग हो चुका है। निजीकरण की आड़ में अपनों को उपकृत करने जैसे कृत को जनता समझ चुकी है, संविधान तथा आरक्षण को समाप्त करने की सोची समझी रणनीति के तहत देश की जनता से चार सौ सीट मांगने वाली मोदी सरकार की नीतियों से त्रस्त जनता देश में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर केन्द्र की मोदी सरकार हटाने के पक्ष में मतदान कर अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग कर सत्ता परिवर्तन कर रही है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आयोजित एक दिवसीय ऑनलाइन संवेदीकरण कार्यशाला में प्राध्यापकों ने दी सहभागिता



डोंगरगढ़ (दावा)। उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से क्रियान्वयन हेतु हे. या वि.वि. दुर्ग द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन 01 जून शनिवार को दोपहर 12:30 बजे से किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में उक्त कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अतिथि व्याख्याताओं ने अपनी सहभागिता दी।

उक्त कार्यशाला का लाइव प्रसारण महाविद्यालय के नये भवन के कांफ्रेस हाल में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। ग्रीष्म अवकाश पर रहे प्राध्यापकों ने जूम एप के माध्यम से ऑनलाइन जुड़कर इस कार्यशाला में अपनी सहभागिता दी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा उपस्थित थी। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ.जी.ए. घनश्याम तथा डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने ऑनलाइन रूप से उपस्थित होकर प्रतिभागी प्राचार्यो, प्राध्यापकों एवं प्रवेश प्रभारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन, प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रमों की जानकारी, परीक्षा प्रणाली आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उक्त कार्यशाला में वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सम्बद्ध में प्राध्यापकों के प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधाान भी किया।

# पहला कॉलम...

## शास. नेहरू महाविद्यालय में बीकॉम द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम रहा 96.8 प्रतिशत



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के बीकॉम भाग दो का परीक्षा परिणाम 96.8 प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के कुल नियमित 94 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें प्रथम श्रेणी में 30, द्वित्तीय श्रेणी में 59 एवं तृत्तीय श्रेणी में 02 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। महाविद्यालय की छात्रा कु. भुनेश्वरी ने 600 अंको में कुल 469 अंक प्राप्त कर 78.16 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया वही कु. टिनम कँवर 446 अंक प्राप्त कर 74.33 प्रतिशत के साथ द्वित्तीय स्थान एवं कु. लोमीन 427 अंक प्राप्त कर 71.16 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। तीनों छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को प्रदान किया।

महाविद्यालय की प्र. प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.वी रेवती एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव, सहा. प्राध्या. बेदप्रकाश साहू एवं श्रीमती ज्योति साहू के द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वित्तीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं एवं सभी उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आज से अछोली में ग्रामीण प्रीमियर लीग प्रारंभ




डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली में आईपीएल के तर्ज पर खेले जाने वाला रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता ग्रामीण प्रीमियर लीग का आगाज 2 जून रात को 8:00 बजे से होने जा रहा है। जिसमें राजनांदगांव जिले के 16 टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं जिसमें सभी टीमों के मालिकों द्वारा खिलाड़ियों को खरीद कर टीम तैयार किया गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए नगद एवं द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपए नगद रखा गया है आयोजक समिति के सदस्य में अंचल के लोगों से एवं खिलाड़ी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## सड़क दुर्घटना में ग्राम धोधा के लेखन राजपूत की मौत

गंडई पंडरिया (दावा)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड रामदयाल शर्मा कालोनी भाठापारा जिला बलौदा बाजार का रहने वाला हूँ, खेती किसानी का काम करता हूँ, कि 29 मई को मेरे बड़े मामा लेखन सिंह राजपूत तहसील कार्यालय गंडई में जमीन संबंधी पेशी पर अपने मोटर सायकल प्लेटिना क्रमांक सीजी-08/जी 4252 से आये हुए थे, जो पेशी कराकर अपने निजी कार्य निपटाकर वापस अपने घर ग्राम कालेगोंदी जा रहा था ।

रात करीबन 10 बजे के आसपास धोधा चौक के आगे पहुंचे ही थे कि उसी समय अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते सामने से मेरे मामा के मोटर सायकल को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गाड़ी सवार मेरे मामा लेखन सिह राजपूत के सिर में गंभीर चोट आने से अधिक खून निकला है एवं हाथ, पैर एवं शरीर के अन्य जगह चोट आया है, जिससे मृत्यु हुआ है, मेरे मामा लेखन सिंह राजपूत पिता हरिनारायण सिंह उम्र 44 साल ग्राम कालेगोंदी थाना गंडई जिला केसीजी का मृत्यु अज्ञात वाहन के द्वारा अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से आई चोटो के कारण मृत्यु हुई है, जिसकी रिपोर्ट करता हूँ, मामले में गंडई थाने में 304-ए कायम कर जांच में लिया है।

## श्रीमती गिरजाबाई सोनी का निधन

दुर्ग (दावा)। बैगापारा गौरा चौक निवासी श्रीमती गिरजाबाई सोनी 70 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. नूतनलाल सोनी की पत्नी और नरेश ,धर्मेन्द्र, सत्येन्द्र, बिरेन्द्र, ओमप्रकाश,कुलेश्वर सोनी की माताजी थी।

# हनुमान भक्तों ने हीट वेव का शिकार हुए बेसहारा बुजुर्ग का किया अंतिम संस्कार



डोंगरगढ़ (दावा)। माई की नगरी डोंगरगढ़ में गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है प्रतिदिन दोपहर में हिट वेव के कारण आम जनमानस को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है बिना आश्रय के जीवन यापन कर रहे वृद्ध बुजुर्ग हिट वेव का शिकार हो रहे है।

आज सुबह सूचना मिली अंडर ब्रिज के नीचे निवासरत भिक्षुक मंगलू का अचानक तबियत बिगड़ने से सरकारी हॉस्पिटल में देहांत हो गया जिसके आगे पीछे कोई न होने पर नगर की सेवाभावी संस्था श्री हनुमान भक्त युवा समिति के सदस्यों के द्वारा चौथना मुक्ति धाम में विधिविधान से अंतिम संस्कार किया गया।

**बेसहारा लोगों की मदद के लिए आगे आकर सेवा कार्य का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं हनुमान भक्त**

समिति के हनी गुप्ता ने बताया वर्ष 2017 में मंगलू का गंभीर बीमारी में उपचार कराया गया था पैर से विकलांग होने के कारण भिक्षा मांग कर जीवन यापन करता था। उसके साथी सुरेश के साथ वह शेड के नीचे ही रहता था। सूचना मिलने पर आज सुबह हनुमान भक्त समिति हनी गुप्ता, अजय ठाकुर, हिमाशु गुप्ता, सोनू शर्मा पुलिस कांस्टेबल महेंद्र भगत नगर पालिका के घनश्याम साहू, योगेश टांडिया ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।

अनेक अनाथ लोगों का अंतिम संस्कार किया हनुमान भक्तों ने गौ सेवक हिमाशु गुप्ता ने नगर वासियों से आग्रह किया कि अपने आस पास जानवरों के लिए पीने का पानी व भोजन रखे व गरीबी परिवार या भिक्षुक कोई हो तो यथासंभव मदद करें साथ ही अति आवश्यक काम रहने पर ही दोपहर में घर से बाहर निकले। कोविड के पूर्व से अब तक 13-14 अनाथ व भिक्षुक का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। हनुमान भक्त समिति के सदस्यों का कहना है कि, ऐसी जन सेवा से अलग सुकून की अनुभूति होती है।

# ग्राम सलटिकरी में मनरेगा कार्य में रोजगार सहायक के साथ मारपीट




डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। विकासखण्ड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत सलटिकरी में मनरेगा कार्य के चलते रोजगार सहायक के साथ मारपीट के चलते आज रोजगार सहायक संघ ने आज मोहारा पुलिस थाने व सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञात हो कि मनरेगा अंतर्गत समुदाय के लिए जल भराव निकासी हेतु (कच्ची नाली निर्माण) कार्य चल रहा था जिसमें मनरेगा अधिनियम में टास्क दर 243 रूपये निर्धारित किया गया है। चूंकि मनरेगा अधिनियम में जितना काम उतना दाम पर मजदूरी तय किया जाता है उस दौरान उक्त कार्य का निरीक्षण दिनांक 24 मई दिन शुक्रवार को जनपद कार्यालय डोंगरगढ़ से तकनीकी सहायक प्रवीण गढ़पायले द्वारा कार्य को देखते हुए निराशा जनक पाया गया एवं कार्य स्थल पर ही निर्देश दिया गया की जो मजदूर माप के अनुसार कार्य नही करते है तो उनकी दैनिक मजदूरी दर के अनुसार प्रति इंच 21 रूपये कटौती किए जाने का निर्देशित किया गया जिस पर ग्राम पंचायत सलटिकरी में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक श्रीमति प्रभा राजेकर द्वारा उक्त निर्देश का पालन करते कार्यरत श्रमिकों का माप के अनुसार कटौती किया गया।

श्रीमति प्रभा राजेकर द्वारा 30 मई को दैनिक उपयोग कार्य हेतु पानी भरने गई थी जिसमें रास्ते में हेमिन बाई मंडले व उसके पुत्र अर्जुन मंडले पिता पुरुषोत्तम मंडले द्वारा श्रीमति प्रभा राजेकर व उसके पति राघवेन्द्र राजेकर के साथ दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ द्वारा घटना की निंदा करते हुए दोषी व्यक्तियों पर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करते है।

जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम, उपाध्यक्ष चंद्रेश मेश्राम, सचिव दिनेश कुमार सिन्हा, कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेश भारती, आनंद रात्रे, बिरसिंग ठाकुर, देवलाल साहू, ईश्वरी वर्मा, हरिराम नेटी, प्रियंका बॉम्बर्ड, महेश्वरी ठाकुर, प्रभा, नमिता सिन्हा सहित संगठन लोग उपस्थित थे।

# शिवमहापुराण कथा तक गंडई मल्लाह समाज रखेंगे काम बंद, ग्रामीण हर रोज कर रहे श्रमदान



गंडई पंडरिया (दावा)। आगामी 18 से 24 जून तक गंडई में होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडित प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण कथा के आयोजन को लेकर गंडई के मल्लाह समाज के साथ समिति का बैठक 27 मई सोमवार को हुआ जिसमे मल्लाह समाज ने भरपूर सहयोग देने की बात कही और कथा के दौरान बाजार में मछली दुकाने बंद रखने का ऐलान किया। मल्लाह समाज का कहना था कि ये पूरे नगर के लिए गर्व की बात है कि गंडई में पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा शिवमहापुराण की कथा बताया जाएगा इस कार्यक्रम में हमारे समाज का पूरा सहयोग रहेगा समाज के युवा वर्ग कार्यक्रम की सफलता के लिए सेवादल के रूप में अपनी सेवाएं भी देंगे।

### कथा स्थल पर ग्रामीण हर रोज कर रहे श्रमदान

वर्तमान में नवतपा चल रहा है पारा 44 और 45 अंश सेंटीग्रेड के आस पास है ऐसे में डॉक्टर लोगों को घरों पर रहने की सलाह दे रहे है परंतु गांव के रहने वाले महिला पुरुष शिव भक्त लगातार हर रोज दर्जनों की संख्या में होने वाले कथा स्थल में पहुच रहे है और कथा स्थल में मौजूद कटीले झाड़ियों, कांच के टुकड़ों सहित हर प्रकार के गंदगी की सफाई कर रहे है। 27 मई को नगर के नजदीकी ग्राम धोधा के दर्जनों भक्तों ने मिलकर कथा स्थल पर श्रमदान किये है श्रमदान के दौरान जब ग्रामीण कुछ पल के लिए आराम करने बैठे तब उन्होंने तालियों के थाप पर शिव भजन भी गाये जो सोशल साइट्स में जमकर सराहा गया। ऐसे ही दिनांक 28 मई को सुबह 06 बजे से वनांचल के ग्राम देवपुरा घाट के लोग दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष भक्त होने वाले कथा स्थल में पहुँचे और कथा स्थल पर श्रमदान किए। श्रम दान करने वाली गोदावरी जंघेल ने बताया कि हम अलग-अलग गाँव से आकर यहां पर श्रम दान के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है हम चाहते है कि किसी भी शिव भक्त को कार्यक्रम स्थल में किसी प्रकार की कोई तकलीफ न हो एक कांटा भी उनके पैर में न चुभे भगवान शिव की कृपा उनपर बनी रहे। ऐसे ही दिनाक 29 मई की सुबह ग्राम मुंडा टोला सर्जनों की संख्या में गाँव की महिलाएं होने वाले कथा स्थल में पहुंची और सुबह से कथा स्थल की साफ सफाई करते कटीले झाड़ियों को काटकर स्थल की साफ सफाई की है।

# कोसरिया यादव समाज गंडई सर्किल का हुआ गठन, सौंपी जिम्मेदारी



गंडई पंडरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज गंडई सर्किल की बैठक 28 मई मंगलवार को नगर के नजदीकी ग्राम ढाबा में आयोजित किया गया, इस आयोजित बैठक में गंडई सर्किल के पदाधिकारीयों का चयन किया गया। बैठक में राम यादव अध्यक्ष ग्राम ढाबा, ईश्वरी यादव कोषाध्यक्ष ग्राम हनईबन, राकेश यादव सचिव ग्राम नेवासपुर, बालकिशन यादव मीडिया प्रभारी गंडई पंडरिया, गजराज यादव उपाध्यक्ष गंडई पंडरिया, खेम सिंह यादव सहसचिव बरबसपुर, मनबोध यादव सह उपाध्यक्ष रेंदा, बिशुन यादव गोपाल शखा ग्राम ढाबा का चयन किया गया। उपरोक्त पदाधिकारी का चयन सामाजिक हित में किया गया है। इस दौरान समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को हार पहनाकर तिलक लगाकर बधाई दिया गया, वहीं अध्यक्ष राम यादव ने उपस्थित सामाजिक बंधुओं को बताया कि सभी पदाधिकारी को समर्पित भाव से पद के अनुरूप कार्य करने प्रेरित किया गया, कोसरिया यादव समाज को अलग पहचान देने की बात कही, वहीं सचिव राकेश यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारीयों का वाचन कर उन्हें समर्पण और कर्मठता से सेवा कार्य करने की बात कही।

# वीरेन्द्र यादव समाज सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये



राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संयोजक समाजसेवी संजीव सिंघल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष समाज सेविका इंजी. कु. स्वाति देवांगन ने लखनऊ निवासी समाजसेवी वीरेन्द्र यादव को संघ का उत्तरप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वीरेन्द्र यादव की नियुक्ति पर उन्हें संघ की छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नैमिन देशमुख, प्रियांशु सिंघल, दुर्ग संभाग के अध्यक्ष अंकित गर्ग, संभाग सचिव भीमा साहू, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष श्रीमती यमला साहू, केसीजी जिले के अध्यक्ष लोकेन्द्र वर्मा, सिंगारपुर-गोपालपुर-फत्तेगांव के अध्यक्ष प्रकाश यादव एवं राजनांदगांव की नगर अध्यक्ष कु. रेवती साहू, मुंदगांव की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवागांव मुढ़ीपार के अध्यक्ष अमित पटेल, मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अश्विनि पटेल, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, कोटरासरार की अध्यक्ष ममता मैथिल, अमलीडीह के अध्यक्ष गिरीश साहू, इंदामरा की अध्यक्ष कु. रूपा कंवर, डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती रोहिणी पटेल, सिंघोला की अध्यक्ष कु. पायल यादव, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, रीवागहन के अध्यक्ष मोतीलाल रावटे, घोरदा के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, तुमड़ीलेवा की अध्यक्ष बबीता लहरे, फरहद (सोमनी) के अध्यक्ष विजय निषाद, पारींकला के अध्यक्ष आकाश यादव, भाठागांव के अध्यक्ष दिनेश पटेल, दुर्ग संभाग के सचिव खुलेन्द्र साहू, बोरी के अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, गठुला के अध्यक्ष हर्ष साहू, पदुमतरा की अध्यक्ष कु. चंचल साहू, तिलई के अध्यक्ष भूषण लाल देवांगन, परसाडीह (सुरेगांव) के अध्यक्ष अजय श्रीवास, डोंगरगढ़ के अध्यक्ष ओमकार कंवर, जेवरतला की अध्यक्ष हेमलता ठाकुर, खपरीखुर्द के अध्यक्ष शिवानंद महोबिया आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपजेल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सावंत एवं सचिव हेमंत रात्रे के मार्गदर्शन में दिन शुक्रवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपत सिंह साहू द्वारा उपजेल डोंगरगढ़ में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बंदियों को बताया कि दुनिया भर में लोग बड़ी संख्या में तंबाकू का सेवन करते हैं।

ऐसे में लोगो को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराने और जागरूक करने के लिए विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व में तंबाकू निषेध का कार्यक्रम प्रतिवर्ष चलाया जाता है। सेहत के लिए तम्बाकू बहुत ही खतरनाक है और तम्बाकू के सेवन से बहुत से नाना प्रकार की गंभीर बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है इसलिए प्रतिवर्ष यह जागरुकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को और बच्चों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया ताकि वे स्वास्थ्य हो। इस कार्यक्रम में उपजेल अधीक्षक, समस्त जेल स्टाफगण और पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार उपस्थित थे।

# स्वयंसेवी विनोद कुमार टेम्बुरकर ने किया 10वां अमूल्य रक्तदान



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुरकर ने भीषण गर्मी में रक्त की कमी को ध्यान में रखते हुए जानकारी मिलते ही 20 कि.मी. दूर ग्राम मलाइडबरी से चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, पेण्ड्री में भर्ती मरीज गीता बाई ग्राम ढाबा रक्त की कमी के मरीज को उन्होंने रक्त केंद्र पहुंचकर अपना 10वां अमूल्य रक्तदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा लगातार जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किये जा रहे हैं और साथ ही साथ अन्य विद्यार्थियों और अन्य लोगों, युवाओं में रक्तदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक भी किया जा रहा है।

रक्तदान कर स्वयंसेवक विनोद ने संदेश दिया कि रक्तदान करने से अनेकों फायदे रक्तदाता को होते है। कोई भी बीमारी जल्दी से नहीं होती है। रक्त का प्रसार बहुत अच्छे से बना होता है। साथ ही हमें प्रत्येक तीन माह बाद रक्तदान करना चाहिए। अभी वर्तमान समय में गर्मी के चलते और आये दिन हो रहे है दुर्घटनाओं के चलते रक्त की लगातार मांग हो रही है रक्त बैंकों में भी रक्त की कमी हो रही है। निवेदन है जो भी व्यक्ति स्वस्थ है रक्तदान जरूर करें। रक्तदान के अलावा स्वयंसेवक द्वारा साथ ही रासेयो इकाई द्वारा गर्मियों में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी इत्यादि व्यवस्था भी किया जा रहा है।

# पहला कॉलम...

## सरकार ने कच्चे तेल पर घटाया विंडफॉल टैक्स

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटाकर शनिवार से 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया। यह पहले 5,700 रुपये प्रति टन था। सरकार ने इस संबंध में शुक्रवार देर रात एक नोटिफिकेशन जारी किया। इसमें कहा गया है कि नई दर 1 जून से लागू होगी। नोटिफिकेशन में कहा गया कि कच्चे तेल के उत्पादन पर विंडफॉल टैक्स 5,700 रुपये प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन करने का फैसला लिया गया है। पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर विंडफॉल टैक्स शून्य बना हुआ है। सरकार द्वारा हर 15 दिन में कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स की समीक्षा की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर ही विंडफॉल टैक्स को घटाया या बढ़ाया जाता है। पिछले कुछ महीनों में सरकार की ओर से कई बार विंडफॉल टैक्स में कटौती की गई है। इससे पहले 16 मई को सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 8,400 रुपये से घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन कर दिया था। वहीं, 1 मई को इसे 9,600 रुपये से घटाकर 8,400 रुपये प्रति टन कर किया गया था।

## पख्तूनख्वा में आईईडी विस्फोट में चार सैनिकों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में आईईडी विस्फोट में चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार देर शाम को हुई जब सुरक्षा बल देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सर बांग्ला और तारखानन इलाके में गश्त कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और भर्ती कराया गया। सुरक्षा बलों की टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। विस्फोट में शामिल फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया।

पुलिस ने बताया कि मारे गए सैनिकों की पहचान जुबैर, एजाज, फैसल और आसिफ के रूप में हुई है, जबकि घायल सैनिकों की पहचान कादिर, नजीब और रहमान के रूप में हुई है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट

नई दिल्ली। देश के विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद थोड़ा कम हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.549 बिलियन अमरीकी डॉलर की उछाल के बाद 648.7 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया।

# श्रीलंकाई टीम ने वॉर्म अप मैच में आयरलैंड को 41 रनों से हरा

नई दिल्ली। श्रीलंकाई टीम ने वॉर्म अप मैच में आयरलैंड को 41 रनों से हरा दिया है। इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 163 रन बनाए, जिसके जवाब में आयरलैंड की टीम 122 रनों पर ऑलआउट हो गई और पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई। श्रीलंका के लिए गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। दूसरी तरफ अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड को 55 रनों से हराया है।



श्रीलंका के लिए एंजोलो मैथ्यूज ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। उनके अलावा वानिंदु हसरंगा ने 26 रन, दासुन शनाका ने 23 रनों का योगदान दिया। इन प्लेयर्स की वजह से ही श्रीलंका की टीम सम्मानजनक स्कोर बनाने में सफल रही। आयरलैंड के लिए जोश लिटिल और बेरी मैकार्थी ने 2-2 विकेट हासिल किए। लेकिन ये दोनों ही प्लेयर्स बहुत ही महंगे साबित हुए।

आयरलैंड की टीम को एंड्रयू बालबर्नी और पॉल स्ट्रलिंग ने अच्छी शुरुआत दिलाई। लेकिन ये दोनों प्लेयर्स दमदार शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए। बालबर्नी ने 16 रन और स्ट्रलिंग ने 21 रन बनाए। कर्टिस कैम्पर ने जरूर 26 रन बनाए। लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। इन तीनों बल्लेबाजों के अलावा कोई भी प्लेयर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। श्रीलंका के लिए दासुन शनाका सबसे बड़े हीरो साबित हुए। उन्होंने अपने 3.2 ओवर में 23 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। महेश तीक्ष्णा और वानिंदु हसरंगा के खाते में 2-2 विकेट गए।

अफगानिस्तान ने जीता मैच

अफगानिस्तान ने वॉर्म अप मैच में स्कॉटलैंड को 55 रनों से हरा दिया है। इस मैच में अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 178 रन बनाए। इसके बाद स्कॉटलैंड की टीम 20 ओवर्स में 123 रन ही बना सकी। अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नईब ने 69 रन बनाए और अजमतुल्लाह उमरजई ने 48 रन बनाए। गुलबदीन ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने एक विकेट हासिल किया।

# सीरिया में तुर्की ने किया घातक ड्रोन हमला, एयरस्ट्राइक में अमेरिका समर्थित चार लड़ाके ढेर


कामिशली (सीरिया) : उत्तरी सीरिया में तुर्की ने घातक ड्रोन हमला किया है। तुर्की ने यह हमला शुक्रवार शाम को किया। इस ड्रोन हमले में अमेरिका समर्थित चार लड़ाके मारे गए हैं। जबकि 11 नागरिक घायल हो गये। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। कुर्द की अगुवाई वाले बल ने यह जानकारी दी। अमेरिका समर्थित एवं कुर्द की अगुवाई वाले च्सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ)ज् पर इस हमले से एक दिन पहले ही तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा था कि कुर्द की अगुवाई वाले समूह यदि स्थानीय चुनाव कराने की अपनी योजना पर आगे बढ़ते हैं तो उनकी सरकार उन पर कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी ।

अमेरिकी लड़ाकों की मौत से वाशिंगटन भी हरकत में आ गया है। तुर्की की सरकार का आरोप है कि इन समूहों का तुर्किये में प्रतिबंधित कुर्द उग्रवादियों के साथ संबंध है। एसडीएफ ने कहा कि ड्रोन ने कामिशली और उसके आसपास उसके परिसरों तथा आम लोगों के मकानों एवं वाहनों पर आठ बार प्रहार किया। उत्तरी सीरिया में तुर्की के ऐसे हमले असामान्य नहीं हैं। च

कुर्दिश रेड क्रीसेंटज् ने कहा कि जब उसके अर्धचिकित्साकर्मी हमले वाले क्षेत्रों में पहुंचने की कोशिश कर रहे थे तब भी तुर्की ने उसकी एक एंबुलेंस को निशाना बनाया। उसने कहा कि यह हमला कामिशली के पश्चिम अमौदा शहर के समीप हुआ। अभी तुर्की की ओर से तत्काल कोई बयान नहीं आया है। सीरिया के उत्तरी एवं पूर्वी हिस्सों पर काबिज कुर्द के नेतृत्व वाले स्वायत्त प्रशासन ने 11 जून को निगम चुनाव कराने की घोषणा की है। एक जून (एपी)

# स्वियाटेक ने आसान जीत और चौथे दौर में किया प्रवेश

पेरिस। तीन बार की चैंपियन और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने आसान जीत और फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश के साथ अपने जन्मदिन का जश्न मनाया। स्वियाटेक ने चेक गणराज्य की मेरी बुज्कोवा को लगातार सेटों में 6-4, 6-2 से हराकर शुक्रवार को अपने जन्मदिन का जश्न मनाया। स्वियाटेक महिला वर्ग के चौथे दौर में पहुंचने वाली सातवीं खिलाड़ी बन गयी हैं। स्वियाटेक का चौथे दौर में एनस्तासिया पोटापोवा से मुकाबला होगा। पोटापोवा ने चीन की जिनयु वांग को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7(6), 6-4 से हराया। बुज्कोवा के साथ अपनी पहली भिड़ंत में स्वियाटेक ने चार बार विपक्षी खिलाड़ी की सर्विस ब्रेक की, बुज्कोवा से डबल विनर्स लगाए और आखिरी नौ में से सात गेम जीतकर मैच एक घंटे 33 मिनट में समाप्त कर दिया। पोलिश खिलाड़ी और दो बार की



डिफेंडिंग फ्रेंच ओपन चैंपियन ने मैच को नियंत्रण में रखा, अपना 23वां जन्मदिन कोर्ट पर मनाया और लगातार छठे साल राउंड 16 में स्थान सुरक्षित किया। ट्यूनीशियाई स्टार ओन्स जाबौर ने भी कनाडा की लेयला फर्नांडीज के खिलाफ मुश्किल मुकाबले के बाद दूसरे सप्ताह में जगह बनाई। जाबौर ने तीसरे दौर के मुकाबले में 6-4, 7-6(5) से जीत दर्ज की। तीन बार की प्रमुख फाइनलिस्ट जाबौर का अगला मुकाबला रविवार को चौथे दौर में डेनमार्क की क्लारा टॉसन से होगा। अन्य मुकाबलों में, डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने पूर्व उपविजेता सोफिया केनिन को 6-2, 7-5 से हराकर पहली बार चौथे दौर में प्रवेश किया। हाल के वर्षों में यहां एक और उपविजेता, मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड क्लो पैक्रेट को 6-1, 6-3 से हराया। अमेरिकी कोको गॉफ भी दयाना यास्त्रेम्स्का के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ राउंड 16 में पहुंच गई।

# इंग्लैंड क्रिकेट ब्रायडन कार्से पर लगा फिक्सिंग का धब्बा, तीन महीने के लिए सभी फॉर्मेट से बैन

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट पर उस वक्त मैच फिक्सिंग का धब्बा लग गया जब ब्रायडन कार्से को सट्टा लगाने के आरोप में तीन महीने के लिए बैन कर दिया गया। कार्से ने 2017 और 2019 के बीच हुए मैचों पर सट्टा लगाया था। प्रतिबंध का मतलब है कि कार्से का गर्मियों के दौरान इंग्लैंड के लिए टेस्ट डेब्यू करने का मौका अब खत्म हो गया है। कार्से वेस्टइंडीज सीरीज के लिए टीम में जगह बनाने की दौड़ में थे।



कार्से तीन महीने तक सभी फॉर्मेट से बैन रहेंगे।

ऐसा माना जा रहा है कि कार्से ने उन मैचों में दांव लगाए जिनमें वह नहीं खेले थे। तेज गेंदबाज ने जिन मैचों पर दांव लगाया था वे 5 साल से भी ज्यादा पहले हुए थे। बताया जा रहा है कि पेसर ने 2017 से 2019 के बीच कई मैचों पर 303 बार सट्टा लगाया है। कार्से पर 2 साल के बैन और 13 महीने तक निलंबन की कार्रवाई की गई है। कार्से पर यह प्रतिबंध 28 मई से 28 अगस्त तक रहेगा। ईसीबी ने कार्से पर एक बयान जारी किया और कहा कि वे कार्से पर प्रतिबंध लगाने के क्रिकेट नियामक के फैसले का समर्थन करते हैं। बोर्ड ने यह भी कहा कि वे पिछले 5 सालों में पेसर द्वारा दिखाए गए विकास से संतुष्ट हैं। बयान में यह भी कहा गया कि इस तरह के मामलों से अन्य क्रिकेटरों को सीख मिलेगी। कार्से ने एक बयान में कहा, ÷हालांकि ये सट्टे कई साल पहले लगाए गए थे, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है और मैं अपने कामों की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। मैं ईसीबी, डरहम क्रिकेट और पीसीए को इस मुश्किल समय में मेरे समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अगले 12 हफ्तों में कड़ी मेहनत करूंगा ताकि यह सुनिश्चित कर सकूं कि जब मैं खेलने के लिए वापस आऊंगा तो मैं मैदान पर उस समर्थन का बदला चुका सकूं।

# प्रथम पेज का शेष

***पीएम मोदी लगातार तीसरी बार...***

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह गठबंधन 295 से अधिक सीट जीतेगा. एग्जिट पोल 2024 महाराष्ट्र में कौन मारेगा बाजी? - महाराष्ट्र में भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए बहुमत की ओर बढ़ती दिख रही है. एक नजर एग्जिट पोल के आंकड़ों पर एनडीटीवी इंडिया - जन की बात- एनडीए को 34-41, इंडिया गठबंधन को 9-16 सीटें, टीवी9- एनडीए को 22 और इंडी गठबंधन को 25 सीटें, न्यूज18 - एनडीए को 32-35 सीटें और इंडिया गठबंधन को 15 से 18 सीटें, रिपब्लिक भारत-मैट्रिज़- एनडीए को 30 से 36 सीटें और इंडिया गठबंधन को 13 से 19 सीटें, रिपब्लिक~ एनडीए को 29 सीट, जबकि इंडिया गठबंधन को 19 सीटें, एबीपी सी-वोटर- एनडीए को 23-25 सीटें और इंडिया गठबंधन को 22 से 26 सीटें, टुडेज़ चाणक्य - बीजेपी को 33 से 38 सीटें और कांग्रेस को 15 से 20 सीटें मिलने के आसार है।

दिल्ली में फिर से बीजेपी का बोलबाला,्क्क के हिस्से में एक भी सीट नहीं- इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया पोल के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में एनडीए 7 में से 6 सीटें जीतने की ओर अग्रसर है, जबकि इंडिया ब्लॉक, जिसमें आम आदमी पार्टी भी शामिल है, को केवल 1 सीट मिल रही है. 2014 और 2019 की बात करें, तो दिल्ली की सातों सीट पर भाजपा ने कब्जा जमाया था.

पंजाब में कांग्रेस को बहुमत,्क्क को लगा झटका- इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया पोल के अनुसार, पंजाब में जहां आम आदमी पार्टी सरकार का नेतृत्व करती है, वहां कांग्रेस को 13 में से 7-9 सीटें मिली हैं, और 'आप' सिर्फ 2 सीटों पर संघर्ष करती नजर आ रही है.

सभी एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत, 'इंडिया' गठबंधन नहीं है टक्कर में- सभी एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत मिलता दिख रहा है, जबकि कांग्रेस की अगुवाई वाले 'इंडिया' गठबंधन बहुमत के आंकड़े से कोसो दूर हैं. एक नजर सभी अहम एग्जिट पोल के आंकड़ों पर-

इंडिया टीवी-सीएनएक्स - एनडीए-371-401; भारत ब्लॉक-109-139; अन्य-28-38, दैनिक भास्कर - एनडीए-285-350; भारत ब्लॉक-145-201; अन्य-33-49, इंडिया न्यूज़-डी-डायनामिक्स- एनडीए-371; भारत ब्लॉक~ 125; अन्य-47, जन की बात~ एनडीए 362-392; भारत ब्लॉक~ 141-161; अन्य-10-20, रिपब्लिक भारत-मैट्रिज़ - एनडीए-353-368; भारत ब्लॉक-118-133; अन्य-43-48, रिपब्लिक टीवी-पी मार्क~ एनडीए-359; भारत ब्लॉक-154; अन्य-30, एग्जिट पोल की मानें तो आंध्र प्रदेश की 25 सीटों में भाजपा को 4 से 6, जबकि एनडीए को 19 से 22 सीटें मिल सकती हैं और अन्य के खाते में 5 से 8 सीटें जा सकती हैं. इसी तरह से कर्नाटक की 28 लोकसभा सीटों में से भाजपा को 21 से 24, एनडीए को 23 से 26, कांग्रेस को 3 से 7, जबकि इंडिया गठबंधन को 3 से 7 सीटें मिल सकती हैं.

बीजेपी की एनडीए को प्रचंड बहुमत, कांग्रेस फिर नहीं कर सकी कमाल- रिपब्लिक टीवी-पी मार्क एग्जिट पोल में दावा किया गया है कि सत्तारूढ़ गठबंधन 359 सीटों तक जीत हासिल करेगा और विपक्षी इंडिया ब्लॉक 543 सदस्यीय लोकसभा में 154 सीटें हासिल करेगा. रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज़ पोल ने एनडीए को 353-368 सीटें और विपक्ष को 118-133 सीटें दी हैं. 'जन की बात' एग्जिट पोल ने सत्तारूढ़ एनडीए को 362-392 सीटें और 'इंडिया' ब्लॉक को 141-161 सीटें दीं. 2019 के चुनाव में एनडीए को 353 सीटें मिलीं थीं.

बीजेपी को गुजरात में सभी 26 सीटों पर जीत की उम्मीद- मेगा एग्जिट पोल के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को गुजरात की सभी 26 सीटें मिलने की उम्मीद है और अगर एग्जिट पोल के अनुसार ही नतीजे आते हैं, तो यह बीजेपी के लिए बड़ी जीत होगी. वैसे भी गुजरात को भाजपा का गढ़ माना जाता है.

राजस्थान में बीजेपी को 18-23 सीटें मिलने का अनुमान- मेगा एग्जिट पोल के मुताबिक, राजस्थान में बीजेपी को 25 सीटों में से 18-23 सीटें मिलने का अनुमान है. लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया ब्लॉक को 2-7 सीटों का दावा करने की संभावना है.

बीजेपी प्रचंड बहुमत की ओर- दक्षिण भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोरदार चुनावी प्रचार का असर दिख रहा है. इस बार पार्टी तमिलनाडु और केरल में अच्छे सीटों पर जीत का अनुमान है. तमिलनाडु में भाजपा को 14 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है, जबकि कांग्रेस और डीएमके को करीब 36 प्रतिशत वोट मिलता दिख रहा है. केरल में बीजेपी का खुलेगा खाता, फिर भी 'इंडिया' गठबंधन का रहेगा दबदबा- एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल के अनुमान लगाया कि केरल में भाजपा का पहली बार खाता खुल सकता है, वहीं पार्टी को तमिलनाडु में लंबे अंतराल के बाद जीत मिलने की संभावना है. एक्सिस माई इंडिया एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को तमिलनाडु और केरल में क्रमशः 39 और 20 लोकसभा सीटों में से 2-3 सीटें मिलने की उम्मीद है. दक्षिण भारत के इन राज्यों में इंडिया ब्लॉक का दबदबा बरकरार रहने का अनुमान है.

गुजरात-मप्र और राजस्थान में भाजपा बड़ी जीत की ओर, कांग्रेस रेस से बाहर- गुजरात-मध्यप्रदेश और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी में भारी बहुमत की ओर बढ़ती हुई नजर आ रही क्योंकि सभी एग्जिट पोल में यह बताया जा रहा है कि बीजेपी इन राज्यों में करीब-करीब सारी सीटें जीत सकती है. वहीं, कांग्रेस इन राज्यों में काफी पिछड़ती दिख रही है.

मैटरिज एग्जिट पोल में एनडीए की सरकार, इंडिया को मिल सकती हैं 133 सीटें- रिपब्लिक-मैटरिज के एग्जिट पोल के मुताबिक भी देश में एक बार फिर भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए की सरकार बन सकती है. इसके अनुसार, एनडीए के खाते में 353 से 368 सीटें जाती दिख रही हैं, जबकि 'इंडिया' गठबंधन को 118 से 133 सीटें मिल सकती हैं. वहीं अन्य को 43 से 48 सीटें मिलने का अनुमान है.

महाराष्ट्र में एनडीए 32-35 सीटों पर जीत दर्ज कर सकता है- न्यूज18 मेगा एग्जिट पोल के नतीजों के मुताबिक, महाराष्ट्र में एनडीए 32-35 सीटों पर जीत दर्ज कर सकता है. वहीं, दूसरी ओर, इंडिया ब्लॉक को 15-18 सीटों पर जीत मिलने की संभावना है.

एग्जिट पोल में भाजपा की अगुवाई वाले ह्ब्ध को बहुमत- रिपब्लिक टीवी के एग्जिट पोल का अनुमान है कि भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए को 359 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि 'इंडिया' गठबंधन को 154 सीटें मिल सकती हैं. वहीं, अन्य के खाते में 30 सीटें जाती दिख रही हैं.

तमिलनाडु में बीजेपी के खाते में जा सकती हैं एक से तीन सीटें- तमिलनाडु और पुडुचेरी की बात करें, तो यहां की 40 लोकसभा सीटों में से 1 से 3 सीट भाजपा और एनडीए को जाती दिख रही है. वहीं, कांग्रेस को 8 से 11, जबकि इंडिया एलायंस को 36 से 39 सीटें और अन्य के खाते में अन्य 0 से 2 सीटें आ रही हैं. इसके साथ इन सर्वेक्षणों में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग के तमिलनाडु और केरल में अपना खाता खोलने और कर्नाटक में फिर से एकतरफा जीत हासिल करने का अनुमान जताया गया है. साथ ही, इन सर्वेक्षणों में बिहार, राजस्थान और हरियाणा जैसे कुछ राज्यों में भाजपा एवं राजग की सीटों की संख्या में कमी होने का अनुमान लगाया गया है. 'रिपब्लिक टीवी-पी मार्क' के सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि 543 सदस्यीय लोकसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन 359 सीट तक जीत हासिल करेगा और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को 154 सीट मिलेंगी. 'रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज़' के एग्जिट पोल में राजग को 353-368 सीट और विपक्ष को 118-133 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

'जन की बात' के सर्वेक्षण में सत्तारूढ़ राजग को 362-392 सीट और विपक्षी गठबंधन को 141-161 सीट दी गई हैं. 'इंडिया टीवी-सीएनएक्स' ने अपने अनुमान में राजग को 371-401 और 'इंडिया' गठबंधन को 109-139 सीटें दीं, जबकि 'न्यूज नेशन' द्वारा अनुमान जताया गया है कि राजग को 342-378 और 'इंडिया' गठबंधन को 153-169 सीट मिल सकती हैं. 'एक्सिस माई इंडिया' और 'टुडेज़ चाणक्य' सहित कई अन्य एग्जिट पोल ने रात 8.30 बजे तक पूर्ण अनुमानित परिणामों की भविष्यवाणी नहीं की थी'. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह गठबंधन 295 से अधिक सीट जीतेगा.

***आम चुनावों के अंतिम चरण में ...***

लू के बावजूद कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लम्बी कतारें देखी गयीं। कुछ जगह इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों में खराबी से मतदाताओं को परेशानी हुई। आयोग ने तेज गर्मी में मतदाताओं की सुविधा के लिये मतदान केंद्रों पर पेयजल और छाया की सुविधायें करायी हैं। पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केंद्रों के बाहर छिटपुट हिंसा और मतदान एजेंटों को भगाने के प्रयासों की रिपोर्टें सामने आयी हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के खलीनी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खराब होने से मतदान करीब डेढ़ घंटा देरी से शुरू हुआ। मंडी जिला के विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में पांच बूथों में मतदाताओं को उस समय परेशानी झेलनी पड़ी, जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खराब हो गयी।

पंजाब के जालंधर के गांव मंसूरपूर मंडाला के पोलिंग बूथ पर खूनी झड़प में आप के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियारों से हमला कर एक पोलिंग एजेंट तजिंदर सिंह को घायल कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोलिंग बूथ पर आप के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियार से हमला कर तजिंदर सिंह को घायल कर दिया है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में 12 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया है।

जालंधर के गोराया में ईवीएम खराब होने से 45 मिनट तक मतदान रुका रहा। आमदपुर में खूनी झड़प में मंसूरपुर बटाला गांव में पोलिंग बूथ कांग्रेस के पालिंग एजेंट की बेरहमी से पिटायी कर दी गयी। एजेंट को घायल अवस्था में आदमपुर के सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है। अमृतसर के अजनाला विधानसभा के बूथ नंबर 100 में वोटिंग मशीन खराब हो गई। इससे लोग भड़क गये और उन्होंने हंगामा किया।

फरीदकोट में मतदान केंद्र पर वोट देने आये कुछ लोगों की महिला बीएलओ से बहस हो गयी, जिसके बाद महिला बेहोश हो गयी और गिर गयी, उसे अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत अब स्थिर है। इससे पहले फरीदकोट में सुबह तेज आंधी के कारण पोलिंग बूथ का शेड उड़ गया, जिससे वहां ड्यूटी दे रहे कर्मचारी बाल-बाल बच गये। लुधियाना, गुरदासपुर और बठिंडा में ईवीएम मशीन खराब होने से मतदान में देरी हुई। बठिंडा में ईवीएम के खराब होने के कारण आप उम्मीदवार और मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को वोट डालने के लिये इंतजार करना पड़ा।

सातवें चरण में विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में हुये मतदान के बारे में निर्वाचन आयोग से शाम साढ़े सात बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहा.....

राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश....मतदान प्रतिशत
बिहार ............................49.59
चंडीगढ़..........................62.80
हिमाचल प्रदेश..................67.39
झारखंड..........................69.59
ओडिशा...........................63.57
पंजाब..............................55.76
उत्तर प्रदेश.......................55.60
पश्चिम बंगाल.....................69.89

कुछ 147 सीटों वाली ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिये चार चरणों में हुये चुनाव के अंतिम चरण में आज आठ जिलों में 42 सीटों पर 63.46 प्रतिशत मतदान हुआ है। शाम पांच बजे तक कटक जिले में सबसे अधिक 67.96 प्रतिशत और भद्रक में सबसे कम 56.68 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा बालासोर में 63.27, जगतसिंहपुर में 64.69, केन्द्रपाड़ा में 59.89, मयूरभंज में 64.47 प्रतिशत और पुरी में 67.30 प्रतिशत मतदान हुआ।

***एग्जिट पोल में छत्तीसगढ़ में...***

ईवीएम में कैद है जिसका फैसला चार जून को होगा। तीन चरणों में हुआ था मतदान - छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए 3 चरणों में वोटिंग हुई थी। जिसमें पहले चरण (19 अप्रैल) में सिर्फ बस्तर में वोटिंग हुई वहीं दूसरे चरण 26 अप्रैल में राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर तीन सीटों पर मतदान हुआ था। तीसरे चरण में 7 मई को सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चंपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में मतदान हुआ था।

***छग सरकार ने सुशासन और.....***

केवल उपस्थित रहे, बल्कि इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण छात्र जीवन को अपनाए भी रखा। आईआईएम के इस आयोजन में राज्य सरकार ने देशभर के विषय विशेषज्ञों के साथ विकसित छत्तीसग? की डिजाईन तथा क्रियान्वयन के रोड मैप पर बौद्धिक विमर्श किया। साथ ही इस संबंध में भी विमर्श हुआ कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए किस तरह विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए जा सकते हैं। इस सार्थक संवाद की खूबी यह रही कि इसमें छत्तीसगढ़ की जरूरतों, प्राथमिकताओं, संभावनाओं पर चर्चा के साथ-साथ विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण सुझाव भी सरकार को प्राप्त हुए। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने आगामी 10 वर्षों में विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण की रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को एक नई ऊंचाई दी है। सामाजिक-आर्थिक विकास को लेकर छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं। देश की अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने में छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। नीति आयोग के पूर्व सीईओ और जी 20 के शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुन्दरता भी है और प्रचुर खनिज संपदा भी। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए खनिजों का विवेकपूर्ण दोहन जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण यहां पर पर्यटन की संभावनाओं का विकास और उसकी ब्रांडिंग भी है। आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा, आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित थे।

***मोदी ने जताया मतदाताओं,......***

हमारे कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं सुचारू और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने में उनके अनुकरणीय प्रयासों के लिए चुनाव आयोग की सराहना करना चाहूंगा। उनका समर्पण और सावधानीपूर्वक योजना हमारे लोकतंत्र की अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण रही है, जिससे देश भर के नागरिकों को विश्वास और सुरक्षा के साथ मतदान करने की अनुमति मिलती है। हमारी चुनावी प्रक्रिया कुछ ऐसी है जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति प्रेरणा लेता है।÷

श्री मोदी ने कहा,÷पूरे चुनाव के दौरान हमारे उत्कृष्ट सुरक्षा बलों की अटूट सतर्कता के लिए हृदय से आभार। उनके प्रयासों ने एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया है, जिससे लोग आसानी से मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकें। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा की हममें से प्रत्येक व्यक्ति अत्यधिक सराहना करता है।

***कस्टम मिलिंग घोटाला...***

का भुगतान किया। ईडी के मुताबिक विशेष भत्ता 40 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये क्विंटल करने के बाद मिलर्स को प्रदेश में 500 करोड़ रुपये के भुगतान जारी किए गए, जिसमें से 175 करोड़ रुपये की रिश्वत वसूली गई। वसूली गई रिश्वत को राजनीतिक संरक्षण में बांट लिया गया।

# इन छुट्टियों में असम घूमने का बना रहे हैं प्लान?





असम भारत का एक बहुत ही सुंदर राज्य है। जहां के चाय के बागान और बिहु त्योहार पूरे देशभर में प्रसिद्ध है। गर्मियों की छुट्टियों में अगर आप अपने परिवार के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं तो असम इसके लिए एक बहुत अच्छा विकल्प हो सकता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता और नजारे पर्यटकों के दिल में बस जाते हैं।

गर्मियों की छुट्टियों में अक्सर लोग घर में बैठे बोर हो जाते हैं। ऐसे में कई लोग अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए कहीं घूमने जानें का प्लान करते हैं। अगर आप भी इन छुट्टियों में कहीं घूमने जाना चाहते हैं, तो नॉर्थ ईस्ट भारत का असम राज्य इसके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। असम राज्य को दुनियाभर में अपने चाय के बागानों के लिए जाना जाता है। यहां का मौसम और हरियाली पर्यटकों का दिल जीत लेती है।

असम, भारत का एक प्रमुख राज्य है, जो अपने प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीव और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। आइए जानते हैं असम के टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन के बारे में।

### कामाख्या मंदिर

गुवाहाटी शहर असम के टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन में से एक है। यहां स्थित कामाख्या देवी मंदिर पूरे भारत में प्रसिद्ध है। यह एक प्रमुख शक्तिपीठ है और तांत्रिक पूजा का केंद्र है। नीलाचल पहाड़ी पर यह मंदिर कामाख्या देवी को समर्पित है और यहां हर साल अंबुबाची मेला मनाया जाता है। इस मेले में देशभर से कई लोग शामिल होते हैं।

### काजीरंगा नेशनल पार्क

अगर आप इन छुट्टियां वन्य जीवन का अनुभव लेना चाहते हैं, तो काजीरंगा नेशनल पार्क इसके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यह नेशनल पार्क नागांव और गोलाघाट जिले में है। काजीरंगा नेशनल पार्क यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के तौर पर जाना जाता है। यह उद्यान एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है। यहां अलग-अलग तरह के वन्यजीव और पक्षी देखे जा सकते हैं। यहां की जीप सफारी और हाथी सफारी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं।

### माजुली

माजुली को असम की सांस्कृतिक राजधानी भी कहा जाता है। माजुली दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप है । ब्रह्मपुत्र नदी का ये द्वीप सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। यहां कई मठ या आश्रम हैं, जहां असमिया संस्कृति और वैष्णव धर्म का अध्ययन किया जाता है।

### शिवसागर

असम का शिवसागर जिला इस राज्य के इतिहास को दर्शाता है। शिवसागर अपने ऐतिहासिक जगहों के लिए प्रसिद्ध है। यहां रांगघर (प्राचीन खेल स्टेडियम), तालातल घर (महल) और शिवडोल (शिव मंदिर) परिवार के साथ घूमने के लिए बहुत अच्छे माने जाते हैं।

### दीफू

यह एक सुंदर हिल स्टेशन है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति के लिए जाना जाता है। कार्बी आंगलोंग इकोलॉजिकल पार्क यहां के टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन में से एक है। यहां आप अपने परिवार के साथ समय बिताकर एक अच्छा अनुभव ले सकते हैं।

# कन्याकुमारी नाम के पीछे जुड़ी रोचक कथा

## आज भी यहां देवी कर रही हैं शिव जी का इंतजार



कन्याकुमारी का नाम तो आप सभी ने सुना होगा, लेकिन आज हम आपको बताएंगे कि भारत के दक्षिण में स्थित इस क्षेत्र को कन्याकुमारी कहते क्यों हैं।

भारत के दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में स्थित है कन्याकुमारी शहर, ये जगह हिंदू धर्म के प्रमुख आस्था केंद्रों में से एक है। तीनों ओर से समुद्र से घिरी यह जगह चोल, पांड्य और चेर शासकों के अधीन रह चुकी है। इन शासकों के शिल्प और कारीगरी की छाप आज भी यहां के स्मारकों पर आपको देखने को मिल सकती है। इस स्थान का इतिहास इन शासकों से भी बहुत पुराना है। इस जगह का नाम कन्याकुमारी पड़ने के पीछे भी एक रोचक कथा हमें सुनने को मिलती है। आज हम आपको कन्याकुमारी से जुड़ी कुछ रोचक जानकारियां और इस जगह से जुड़ी पौराणिक कथा के बारे में बताने जा रहे हैं।

**कैसे पड़ा कन्याकुमारी नाम ?**

प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, बानासुरन (कई स्थानों पर इस राक्षस राजा का नाम बाणासुर और बानासुर भी लिखा गया है) नाम के एक असुर का वध करने के लिए माता पार्वती ने जन्म लिया था। बानासुरन को ब्रह्मा जी से ये वरदान प्राप्त था कि, उसकी मृत्यु किसी कुवांरी कन्या के द्वारा ही हो सकती है। बानासुरन को अहंकार हो गया था कि, कोई भी कुंवारी कन्या तो उसका वध कर नहीं पाएगी और बाकी सब को वो आसानी से परास्त कर पाएगा।

बानासुरन शक्ति का करने लगा दुरुपयोग अपनी शक्ति का गलत इस्तेमाल करते हुए बानासुरन ने इंद्र को भी परास्त कर दिया और स्वर्ग को भी अपने अधीन कर दिया। इंद्र के साथ ही अग्नि, वरुण आदि देव भी बानासुरन के आतंक से परेशान होने लगे। देवताओं ने बानासुर के आतंक से मुक्ति पाने के लिए माता शक्ति से मदद मांगी। माना जाता है कि तब माता ने धरती पर जन्म लेने का निर्णय लिया।

**माता ने लिया धरती पर जन्म**

बानासुरन का आतंक जब चरम पर था, तब देवी शक्ति ने उस दौर के एक प्रसिद्ध राजा भरत के घर में जन्म लिया। राजा भरत की 8 पुत्रियां और एक पुत्र था, इनमें से ही उनकी एक पुत्री थी कुमारी जो देवी का स्वरूप थीं। अंत समय में राजा ने अपने राज्य का बंटवारा किया तो उनकी पुत्री कुमारी के हिस्से में वर्तमान का कन्याकुमारी वाला क्षेत्र आया। कहा जाता है कि बचपन से ही कुमारी भगवान शिव की परम भक्त थीं। शिव से विवाह करने के लिए कुमारी ने कठोर तप किया, और उनकी तपस्या देखकर भगवान शिव भी विवाह करने के लिए मान गए। लेकिन नारद जी जानते थे कि अगर कुमारी और शिव जी का विवाह हुआ तो बानासुरन का आतंक कभी खत्म नहीं हो पाएगा।

**नारद जी ने नहीं होने दिया विवाह**

ऐसा माना जाता है कि, जब भगवान शिव ने कुमारी से विवाह करने के लिए शुचीन्द्रम से यात्रा शुरू की, तो नारद जी ने विवाह रोकने के लिए मुर्गे को बांग देने के लिए कहा। मुर्गे की बांग इस बात का संकेत थी कि, विवाह के लिए अब शुभ मुहूर्त निकल चुका है। मुर्गे की बांग को सुनकर भगवान शिव भी यह सोचकर रुक गए कि, अब शुभ मुहूर्त निकल चुका है। जब सही मुहूर्त पर शिव जी विवाह के लिए नहीं पहुंचे तो कुमारी को बहुत क्रोध आया, लेकिन क्रोध शांत होने के बाद यह सोचकर वो फिर से तप करने लगीं कि, उनकी तपस्या में ही कुछ कमी रह गई होगी।

बानासुरन तक पहुंची कुमारी की ख्याति कुमारी की तपस्या और उनकी सुंदरता के बारे में जब बानासुरन को पता चला तो उसने विवाह का प्रस्ताव कुमारी के पास भेज दिया।

बानासुरन के इस दुस्साहस से कुमारी बहुत क्रोधित हुईं, लेकिन इसके बावजूद भी उन्होंने बानासुरन के समक्ष ये प्रस्ताव रखा कि अगर वो युद्ध में उन्हें हरा दे तो, वो विवाह प्रस्ताव को मान लेंगी। इसके बाद बानासुरन और कुमारी के बीच एक भयानक युद्ध शुरू हुआ।

युद्ध के दौरान ही बानासुरन समझ चुका था कि जिससे वो लड़ रहा है वो कोई साधारण कन्या नहीं है। अंत में कुमारी ने बानासुरन को परास्त कर दिया। मृत्यु से कुछ क्षण पहले बानासुरन को ज्ञात हुआ कि, ये कन्या कोई और नहीं बल्कि साक्षात देवी शक्ति का रूप हैं। मृत्यु से पहले बानासुर ने अपनी गलतियों के लिए माता से क्षमा भी मांगी। माना जाता है कि इसके बाद कुमारी अपने मूल रूप में आयीं और शिव लोक को चली गईं, लेकिन कुमारी ने अम्मन मंदिर में अपनी उपस्थिति बनाए रखी। मान्यताएं के अनुसार, आज भी कुमारी इस मंदिर में भगवान शिव का इंतजार कर रही हैं। माता शक्ति के कुमारी रूप की याद में ही इस स्थान का नाम कन्याकुमारी पड़ा था।

**कुमारी अम्मन मंदिर**

कन्याकुमारी का अम्मन मंदिर कुमारी रूप को समर्पित है। मान्यताओं के अनुसार इस मंदिर में भक्तों की हर मुराद पूरी होती है। इसके साथ ही आत्मचिंतन और मनन के लिए भी यहां भक्त जाते हैं। मन की सभी उलझनों को माता दूर कर देती हैं, इसलिए आध्यात्म पथ पर चलने वालों के लिए भी यह स्थान बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।

# बॉलीवुड में एंट्री को तैयार अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या!

अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नंदा बॉलीवुड में नजर आएंगीं या नहीं. इस पर नव्या की मां श्वेता बच्चन ने भी अपना रिएक्शन दिया है. अमिताभ बच्चन भले ही फिल्मी दुनिया के महानायक हैं, लेकिन उनकी बेटी श्वेता नंदा ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नव्या नंदा फिल्मी दुनिया में काम नहीं करेंगी. वहीं उनक बेटे अगस्त्य नंदा पिछले साल जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में डेब्यू कर चुके हैं. वहीं नव्या नंदा ने व्हाट द हेल नव्या पॉडकास्ट शो के जरिए अपना एक अलग फैनबेस तैयार किया है. हाल ही में नव्या के फिर से बॉलीवुड में काम करने की बातों को हवा मिली जिसका श्वेता नंदा ने खुलकर जवाब दिया.

बॉलीवुड नव्या के लिए हैं

नव्या नंदा, अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की नातिन हैं. उन्होंने 26 साल की उम्र से ही काम की शुरुआत कर दी थी. उन्होंने एनजीओ से शुरुआत की थी. हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान श्वेता बच्चन से नव्या के फिल्मों में जाने को लेकर सवाल किया गया. इस पर मां श्वेता नंदा ने कहा, च्मुझे लगता है कि आप नव्या के काम से अच्छी तरह वाकिफ हैं और उसके पास बहुत काम हैज. इसके अलावा श्वेता ने यह भी कहा कि उन्हें नहीं लगता कि बॉलीवुड उनकी बेटी के लिए है.

मां के नक्शेकदम पर चल रही हैं नव्या

श्वेता नंदा ने इससे पहले यह भी खुलासा किया था कि वह नहीं चाहतीं कि उनकी बेटी को बॉलीवुड में उनके काम के लिए ट्रोलिंग और अनावश्यक नफरत का सामना करना पड़े. उन्होंने यह भी कहा कि वह उसे कभी भी फिल्मों का हिस्सा नहीं बनने देंगी. नव्या ने अपनी मां श्वेता बच्चन के नक्शेकदम पर चलते हुए फिल्मी दुनिया से दूर रहने का फैसला किया है.

फिल्में क्यों नहीं करना चाहतीं नव्या

बूट इंडिया के साथ बातचीत में नव्या नंदा से पूछा गया कि क्या उनकी कोई आने वाली फिल्म है. इस पर नव्या ने खुलासा किया कि वह एक्टिंग में अच्छी नहीं हैं और वह सिर्फ काम करने में विश्वास नहीं रखती हैं. नव्या ने कहा, च्मुझे लगता है कि मैं एक्टिंग में बहुत अच्छी नहीं हूं. मेरा मानना है कि आपको काम करने के लिए सिर्फ कुछ नहीं करना चाहिए,



बल्कि आपको वह तभी करना चाहिए जब आप उसके प्रति 100 प्रतिशत जुनून से करना चाहें. मुझे लगता है कि मैं वही कर रही हूं जो मुझे पसंद हैज.

नव्या को नहीं मिले फिल्म के ऑफर

इस दौरान नव्या से पूछा गया कि क्या उन्हें कोई फिल्म का ऑफर मिला है. इसपर नव्या ने तुरंत कहा, नहीं कोई नहीं. उन्होंने बताया कि लोग सोचते हैं कि उनके पास कई फिल्मों के कई ऑफर हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है और यह बहुत सरप्राइजिंग है.

# खाली पेट फल खाने से हो सकता है नुकसानदायक



कौन सा फल खाली पेट नहीं खाना चाहिए ब्रेकफास्ट पोषण से भरपूर होना चाहिए. इसलिए सुबह आप ब्रेकफास्ट में क्या खा रहे हैं यह बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण है. ज्यादातर लोग सुबह की शुरुआत फल खाकर ही करते हैं. लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या खाली पेट फल खाना फायदेमंद है ? लेकिन आज हम आपको विस्तार से बताएंगे कि खाली पेट कौन सा फल खाना चाहिए और कौन सा नहीं ?

खाली पेट कौन सा फल नहीं खाना चाहिए ? सुबह खाली पेट खट्टे फल बिल्कुल भी नहीं खाने चाहिए. खासतौर पर अंगूर खाने से बचना चाहिए. खट्टे फल में भरपूर मात्रा में एसिड होते हैं. इसे खाने से गैस, एसिड, अल्सर और पेट में जलन की शिकायत हो सकती है. संतरा या मौसमी फल नहीं खानी चाहिए. इसमें साइट्रिक एसिड होते हैं जो खाली पेट खाने से कई सारे नुकसान हो सकते हैं.

खाली पेट केला खाने से होने वाले नुकसान केला खाना सेहत के लिए अच्छा होता है यह पोषण से भरपूर होता है. लेकिन खाली पेट केला खाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे उल्टी और बैचेनी हो सकती है.

### पाइनएप्पल खाली पेट न खाएं


खाली पेट पाइनएप्पल  खाएं क्योंकि यह पेट के लिए ठीक नहीं होता है. पाइनएप्पल विटामिन सी से भरपूर होता है. इसका डाइजेशन पर भारी असर पड़ता है. लेकिन खाली पेट इसे खाने से हाजमा बिगड़ सकता है.

### आम

भले ही आम का सीजन है लेकिन खाली पेट आम नहीं खाना चाहिए. क्योंकि खाली पेट आम खाने से काफी ज्यादा नुकसान होता है. इससे ब्लोटिंग और अपच की समस्या हो सकती है. इसका डाइजेशन पर भी भारी असर होता है.

### खाली पेट इन फलों को खा सकते हैं

सुबह खाली पेट पपीता जरूर खाना चाहिए. इससे काफी ज्यादा फायदा मिलता है. अनार और अमरूद भी खाली पेट आराम से ख सकते हैं इसमें कोई दिक्कत नहीं है. अगर आप तरबूज और खरबूज खाते हैं तो वह भी आपके लिए काफी ज्यादा फायदेमंद हो सकता है.



# चमकदार त्वचा पाने के लिए, इन बातों का जरूर रखें ध्यान

गर्मी के दिनों में त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है. अगर आप अपनी स्किन का ध्यान रखना चाहते हैं, तो इन टिप्स को फॉलो कर लें. गर्मी के दिनों में त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं होने लगती है. इससे बचने के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं.

सबसे पहले जब भी आप धूप में जाए, तो सनस्क्रीन जरूर लगाए. यह त्वचा को हानिकारक किरणों से प्रोटेक्ट करेगा.

गर्मी के मौसम में हल्का और पौष्टिक भोजन करें. ज्यादा तला हुआ खाने से स्किन संबंधित समस्याएं हो सकती है.

दिन भर में आपको कम से कम 2 से 3 बार अपने चेहरे को साफ पानी से धोना चाहिए.

धूप से बचने के लिए आप टोपी, सनग्लासेस या छाते का इस्तेमाल कर सकते हैं. ये आपकी त्वचा को प्रोटेक्ट करेगा.

ध्यान रहे गर्मी के मौसम में पानी की कमी होने से सेहत के साथ-साथ त्वचा संबंधित समस्याएं हो सकती है।

# कंडक्टर और ड्राइवर की लापरवाही से जगदलपुर से रायपुर आ रही बस में लगी आग, जान बचाने में मची अफरा तफरी

रायपुर। 1 जून को सुबह 11 जगदलपुर से रायपुर जा रही महेंद्रा ट्रेवल्स की बस में अभनपुर के पास मोहन ढाबा के पास आग लग गई, जिससे बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई, लोगों ने कांच के तरफ से कूद कर जान बचाई। इसी बस धमतरी से पुणे में कम्प्यूटर इंजीनियर का जॉब कर रहे बठेणा चौक निवासी हर्ष हरदेल पिता शशिकांत हरदेल भी सवार होकर पुणे के लिए बस पकड़ने रायपुर जा रहा था, की अभनपुर के आगे जैसे ही बस पहुंची कंडक्टर गाड़ी से उतर का टायर में पानी डाल रहा था।

### महिंद्रा ट्रेवल्स में अभनपुर के पास लगी आग

इस समय एक महिला ने बस में आग लगने की बात कह कर चिल्लाने लगी, इसके बाद तुरंत आज इंजन में लग गई और बस में अपरा तफरी मच गई ,जो लोग सामने बैठे थे वह लोग हड़बड़ी में बस के गेट से उतर गए ,लेकिन बस के पीछे बैठे लोग फंस गए।



आग की रफ्तार इतनी अधिक थी की 2 मिनट के अंदर पूरे बस में धुआं भर गया, हड़बड़ी में गेट से निकली परिजनों के तीन बच्चे लगभग 8 से 10 साल की बस में ही रुक गई, जिसे बस के पीछे तरफ बैठे इन बच्ची को बठेणा चौक धमतरी निवासी हर्ष हरदेल ने खिड़की के जरिए बाहर निकले फिर आखरी में खुद खिड़की तरफ से कूद कर जान बचाई। तब तक धुएं के कारण वह भी हल्की बेहोश होने लग गए थे, हर्ष ने बताया कि मैं पुणे जा रहा था, अतः धमतरी से रायपुर जाने के लिए महिंद्रा ट्रेवल्स में पीछे तरफ के सीट में बैठा था, बस धीरे-धीरे चल रही थी धमतरी बस स्टैंड में भी टायर पर पानी डाला गया फिर कुरूद में भी पानी डालें फिर मुझे नींद आ गई।

### लगभग 40 से 45 सवारियों को जान बचाने अफरा तफरी

जब बस अभनपुर के पास रुकी और कंडक्टर टायर में पानी डालने लगा, तब एक महिला ने बस में आग लगे देखकर चिल्लाने लगी, जो देखते देखते बस के इंजन में फिर पूरे बस में आग लग गई,फिर बस में अपरा तफरी मच गई कुछ लोग बस के गेट से बाहर उतर गए तब तक आगे गेट तक आ गए , फिर लोगों ने खिड़की की तरफ से खुद कर जान बचाई। बस के नीचे से बच्चों को बचाव की आवाज आई तब तक बस में तीन बच्ची अंदर थी, मैं भी पीछे था, अतः पहले बच्चियों को खिड़की से बाहर निकाला, फिर धुआं के कारण रुमाल को मुंह में बांधकर मैं खुद खिड़की तरफ से कूदा, तब तक पूरे बस में धुआं भर गया था। जैसे ही मैं कूदा मुश्किल से आधा मिनट के अंदर पूरे बस की कांच टूटने लगी और आग लग गई फिर मैं जमीन में लुढ़कते हुए बस से दूर गया।

इसी बीच मेरा मोबाइल एवं पर्स जिसमें पांच हजार नगद था वहां बस में ही गिर गई और जलकर खाक हो गई, लेकिन मुझे अच्छा लग रहा है कि तीन बच्चियों सहित सभी सुरक्षित है, बस से कूदने के कारण मेरे हाथ एवं कमर में हल्की चोट आई है, फिर मैं अपने पापा जी को फोन करके बुलाकर धमतरी अपने घर वापस आया।

# जनसंपर्क विभाग के उप संचालक ललित चतुर्वेदी हुए सेवानिवृत्त, 39 वर्षों से विभाग में दिए सेवाएं

रायपुर। रायपुर के जनसंपर्क संचालनालय में पदस्थ रहे उप संचालक ललित चतुर्वेदी को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों विदाई दी। इस दौरान अपर संचालक उमेश मिश्रा और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने चतुर्वेदी को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उनके सुदीर्घ जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने 39 सालों से अधिक समय तक जनसंपर्क विभाग को अपनी सेवाएं देने के बाद चतुर्वेदी सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने अपनी सेवाओं के 15 साल सात महीने मध्यप्रदेश में और 23 साल सात महीने छत्तीसग? में बिताये। चतुर्वेदी ने कहा कि जनसंपर्क विभाग में बिताये गये 39 वर्षों में बहुत यादगार अनुभव रहे हैं। जनसंपर्क विभाग में अधिकारियों से सदैव मार्गदर्शन एवं स्नेह मिला है। अपर संचालक उमेश मिश्रा ने चतुर्वेदी की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की और कहा कि वो सदैव अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह से किया है।

कार्य के प्रति उनका समर्पण विभाग के नये अधिकारियों के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन कमलेश साहू ने किया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक धनंजय राठौर, पवन गुप्ता, बालमुकुन्द तंबोली, हीरालाल देवांगन, उप संचालक छगनलाल लोन्हारे, घनश्याम केशरवानी, नसीम अहमद खान, मुन्नालाल चौधरी, प्रेमलाल पटेल, लक्ष्मीकांत कोसरिया, सहायक संचालक सुनील त्रिपाठी, नूतन सिदार, तेज बहादुर भुवाल, धनेन्द्र बंजारे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में पीड़ित/घायलों की मदद करेगा सड़क सुरक्षा मितान

**राजनांदगांव (दावा)। पुलिस सुरक्षा मितान द्वारा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व घायलों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने के सराहनीय कार्य करने का बीड़ा उठाया है।**

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं यातायात टीम द्वारा अत्यधिक सड़क दुर्घटना वाले क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना में पीड़ित/घायलों की मदद करने स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा मितान के रूप में गठन किया गया है, जो तत्काल पीड़ितों को प्राथमिक उपचार सुविधा मुहैया करायेंगे या नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/अस्पताल में उचित मेडिकल उपचार हेतु भर्ती करने में मदद करेगें। सड़क सुरक्षा मितानों को



पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा प्रदाय कैप, बैच एवं पॉकेट डायरी एवं यातायात जागरूकता संबंधित बुक वितरण कर पीड़ित/घायलों का प्राथमिक उपचार एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ अस्पताल में तत्काल भर्ती कराने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। सभी सड़क सुरक्षा मितानों को टोल फ्री नंबर-112, 108 एवं पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 9479192199 एवं यातायात प्रभारी का शासकीय मोबाईल नंबर- 9479192109 के बारे में बताया गया एवं आपातकालीन स्थिति में इस नंबर पर तत्काल संपर्क कर पीड़ितों को उचित सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बताया गया।

यातायात पुलिस की आम जनता से अपील है कि अपने आसपास होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित/घायलों की मदद करें एवं लोगो की जान बचाये।

# मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जारी कार्यक्रम अनुसार 4 जून को मतगणना कार्य संपन्न किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने, निर्वाचन प्रक्रिया तथा निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण ढंग से कराने के लिए अन्य उपायों के साथ-साथ दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार राजनांदगांव राजस्व जिला अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बंदूक, खुखरी, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, तलवार चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशूल, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी या व्यक्ति सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारे लगायेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव, मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा दिव्यांगता होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक है।




राजनांदगांव राजस्व जिला अंतर्गत विनिर्दिष्ट मतगणना स्थल, तहसील, ब्लाक, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, जिला कार्यालय (कलेक्टोरेट), जिला पंचायत कार्यालय, संयुक्त जिला कार्यालय के परिसर के बाहर न तो भीड़ होगी, न धरना दिया जाएगा और न ही नारेबाजी की जाएगी। राजनांदगांव राजस्व जिला अंतर्गत कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आम सभा, जुलूस आयोजित करने के पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना कानून व्यवस्था से जुड़े संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार को दिया जायेगा तथा इस निमित्त अधिकृत अधिकारी से विधिवत लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही संबंधित राजनैतिक दल, व्यक्ति आमसभा, जुलूस का आयोजन कर सकेगा। कोई भी राजनैतिक दल या व्यक्ति राजनांदगांव राजस्व जिला अंतर्गत किसी भी धार्मिक संस्थान या उसके आस-पास न तो आमसभा का आयोजन करेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा, न ही धार्मिक स्थानों का आमसभा व जुलूस के लिए उपयोग करेगा।

राजनांदगांव राजस्व जिले में किसी भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल द्वारा बिना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी व तहसीलदार की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किसी प्रकार की नारेबाजी, प्रचार-प्रसार, विजय जुलूस कार्यक्रम एवं वक्तव्य का उद्घोष हेतु नहीं करेगा। आदेश का उल्लंघन यदि किसी व्यक्ति द्वारा किया जाना पाया जायेगा, तो यह भारतीय दण्ड विधान 1860 की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। प्रकरण की परिस्थितियों को देखते हुए इस आदेश के संबंध में संबंधितों को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई सम्यक रूप से संभव नहीं है। यह एकपक्षीय आदेश पारित किया जाता है। आदेश 5 जून तक के लिए जिले में प्रभावशील रहेगा।

# छत्तीसगढ़ क्रिकेट लीग में राजनांदगांव की पैंथर्स टीम शामिल



राजनांदगांव (दावा)। पालक एवं क्रिकेट की शौकीन जनता को इस लीग को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जाकर देखने का अवसर मिले। आईपीएल की ही तरह इस लीग में छत्तीसगढ़ के लगभग 125 खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। वहीं लगभग 100 क्रिकेट से जुड़े सपोर्टिंग स्टाफ को भी अनुभव प्राप्त होगा।

इस लीग को छत्तीसगढ़ के आईपीएल के रूप में ख्याति मिले ऐसा पुरा प्रयास छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट संघ कर रहा है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन को राजनांदगांव पैंथर्स के रूप में जो टीम छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा प्रदान की गई है उसके लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को भरोसा दिलाया है की उन्होंने जो दायित्व राजनांदगांव को दिया गया है उसे काफी सफलतापूर्वक कर अपने शानदार खेल के प्रदर्शन से राजनांदगांव पैंथर्स की टीम यह लीग जीतने का पुरा प्रयास करेगी। प्रेस वार्ता में सुशील कोठारी, योगेश बागड़ी, अजय पांडे, घनश्याम लाल, भारत कथरानी, लक्ष्मण लोहिया, सुजीत द्विवेदी एवं राजनांदगांव पैंथर्स के कप्तान अजय मंडल उपस्थित थे।

# डॉ. रमन सिंह से मिलने लोगों का तांता लगा रहा

## अनेक संगठनों से मुलाकात में हंसी व दिल्लगी के फौव्वारे छूटते रहे

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का आज शहर में आगमन हुआ, वे सबसे पहले अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैण्ड पहुंचे जहां आरोग्य भारती द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया व लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह देते हुये कहा कि आरोग्य भारती इस दिशा में देशभर में सार्थक प्रयास कर रही है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लगभग 1 घंटे अग्रसेन भवन के कार्यक्रम में उपस्थित रहने के पश्चात् डॉ. सिंह विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में नागरिकों व सामाजिक संगठनों के लोग उनका इंतजार कर रहे थे, वे आते ही साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की, उनके द्वारा दिये गये सुझाव व ज्ञापन पर तत्काल प्रशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिये।



फिर उनसे मिलने बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातारण में देर तक चर्चा की। उनकी बातों को गंभीरता से सुना फिर उनसे मिलने नागरिकों का तांता लगा रहा।

वे एक-एक कर सभी से मुलाकात की उनकी समस्याओं को सुना और प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये। डॉ. सिंह से मिलने बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी पहुंचे थे, वे सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान अनेक बार हंसी व दिल्लगी के फौव्वारे छूटते रहे। डॉ. सिंह अपने धीर-गंभीर स्वभाव के अनुरूप सभी से भेंट मुलाकात करते रहे, अनेक लोग व शहर के गणमान्य नागरिक उनसे सौजन्य मुलाकात करने पहुंचे थे, उनसे भी वे रूबरू हुये। यह क्रम दोपहर बाद से देर तक चलता रहा।

# लोकसभा से सबसे कम उम्र के प्रत्याशी की मौत

## निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर दिग्गजों को दे रहे थे चुनौती

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा से सबसे युवा और निर्दलीय प्रत्याशी विशेष धमगाये की मौत हो गई है। पीलिया होने के कारण वो बीमार चल रहे थे।



अस्पताल में इलाज के दौरान 28 मई को उन्होंने दम तोड़ दिया। वे 25 वर्ष के थे और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे थे। वे डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम बधियाटोला के रहने वाले थे। अभी वे विधि स्नातक के लिए दूसरे वर्ष में अध्ययनरत थे। राजनांदगांव ससंदीय क्षेत्र में इस बार कुल 15 प्रत्याशी हैं। उनमें विशेष सबसे कम आयु के थे।

# उपलब्धि : त्रेता साहू का सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। स्टेट हाईस्कूल में वाणिज्य संकाय की छात्रा कु. त्रेता साहू ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। पिछले दिनों प्रतिभा सम्मान समारोह में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने त्रेता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कु. त्रेता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता (मीना साहू-चमन साहू) के अलावा स्टेट स्कूल के प्राचार्य एन.एस. पट्टा एवं कॉमर्स के व्याख्याता श्री अग्रवाल को दिया। प्रारंभ से मेधावी छात्रा त्रेता ने सीए की तैयारी शुरू कर दी है।

# शराबी पिता से परेशान युवक ने टंगिया मारकर की हत्या

राजनांदगांव(दावा)। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम हालाडूला में वाद-विवाद के दौरान युवक द्वारा अपने शराबी पिता की हत्या किए जाने पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड में पेश किया गया है। बताया जाता है कि मृतक पिता शराब का आदी था और आए दिन घर वालों की साथ लड़ाई झगड़ा किया करता था। घटना 31 मई की बताई जाती है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और आरोपी युवक की पता बाजी कर उसे हिरासत में लिया है।

इस संबंध मे 01 जून शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक लभाराम ध्रुव के नेतृत्व में कल 31 मई को



ग्राम हालादुला से मिले मर्ग सूचना पर त्वरित कार्यवाही करने पुलिस टीम गठित की गई और उपनिरीक्षक के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर जांच किया गया तथा पंचनामा कार्यवाही कर प्रार्थिया के रिपोर्ट पर धारा सदर की अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया , विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश कर पूछताछ किया पूछताछ पर पाया गया की आरोपी अपने परिवार में दो भाई एक बहन व माता पिता है ,छोटे भाई और पिता जी अलग अलग बोर खनन काम पर जाते है जो लगभग 15 दिन से 1 महीना में घर आता रहता था

### शराब पीने का आदी

आरोपी युवक का पिता शराब सेवन करने की आदी था व शराब के नशे के हालत में पूरे परिवार वालो से वाद विवाद कर लड़ाई झगड़ा करता था जिससे पूरा परिवार काफी परेशान रहता था घटना दिनांक को भी शेषलाल नशे के हालत में घर में सोया हुआ था परिवार वालों ने खाना खाने के लिए उठाने पर उठकर नशे के हालत में अपना पैसा दो कहकर अपनी पत्नी मीना बाई को वाद विवाद कर घर के कोठा मे रखे लोहे के टंगिया से मारने लगा तब आरोपी जितेंद्र नेताम पिता स्व. शेषलाल नेताम उम्र 20 साल ग्राम हालाडूला थाना डोंगरगांव के द्वारा उनकी माता से मारपीट न करने की समझाइश दिया जो न मानते हुए पुनः मारपीट करने लगे तब आरोपी के द्वारा लोहे की टंगिया को छीनकर शेषलाल नेताम के सिर में प्राणघातक हमला किया।

तीन बार हमला करने के बाद शेषलाल नेताम के सिर से खून निकलने लगा, शेषलाल नेताम जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर मृत्यु हो गया। प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

# पूर्व सीएम बघेल ने बीजेपी पर साधा निशाना, बोले- हमने बिजली बिल हाफ किया और इन्होंने बिजली ही हाफ कर दी

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिजली कटौती को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस बिजली की समस्याओं को लेकर लगातार भाजपा को घेरने का प्रयास कर रही है। इस मामले को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर बीजेपी पर जमकर बरसे हैं। साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी है।



पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि हमने बिजली बिल हाफ किया और इन्होंने बिजली हाफ कर दी। एक तरफ सांय-सांय बिजली का बिल बढ़ाने की तैयारी चल रही है, तो दूसरी तरफ इस भयानक गर्मी में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में जमकर बिजली की कटौती की जा रही है। प्रदेश की जनता बेहद परेशान है, लेकिन गारंटी लेने वाले अभी सत्ता की मदहोशी में सो रहे हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि आप सबसे कहना है कि तापमान बहुत अधिक है। गर्मी और लू से हम सबको अपना, अपने बच्चों का और घर के बुजुर्गों का खूयाल रखना है। दिन में बच्चों को धूप में न खेलने दें। बुजुर्गों को बाहर जाने से रोकें। बहुत आवश्यक कार्य न हो तो आप भी घर से न निकलें। ओआरएस, नींबू शिकंजी, ग्लूकोज और आम पना इत्यादि ठंडी चीजें पीते रहें।

**किराये से देना है व बेचना है**

गोकुल नगर, मुस्कान वाटिका में 3 BHK फ्लैट, 1st Floor में किराये से देना हैं एवं बेचना है।

-: संपर्क करें :-
8959242526
9131341166




**आवश्यकता है**

श्री राधाकृष्ण गौधाम (गौशाला) ग्राम बांकल स्टेशन खपरी रोड़ में कृषि एवं गौ सेवा कार्य हेतु एक परिवार की आवश्यकता है। जिला राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़, मोहला मानपुर एवं दुर्ग के इच्छुक ग्रामवासी संपर्क करें। अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक है। आकर्षक वेतन, रहने की सुविधा सहित।

77709-11055

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com